6. ग्रीवा – शिखरस्य उपरि भागः ग्रीवा इति कथ्यते।
7. वर्तुलाकार आमलक – शिखरस्य शीर्ष तथा च कलशस्योऽधोभागः आमलकम् इति नाम्नैरभिधीयते।
8. कलश – शिखरस्य शीर्षभागः कलश इति कथ्यते।

यम् देवप्रासादः मूलः अधिष्ठानात् शिखरयावत् चतुष्कोणिय स्वरुपे भवति । प्रान्तियभेदानुरुपे अस्या शैल्याः मन्दिराणाम् नैकानिनामानि सन्ति। उदाहरणार्थम् –
उडीसा प्रान्तस्य नागरमन्दिराणि कालींग गुजरातप्रदेश लाटः हिमालयक्षेत्रेतु इमाम् पर्वतीयमन्दिरम् इत्यादि कथ्यते । पर्सीब्राउनः नागरशैलीम् 'उच्च उत्तभारतीय' आर्यशैली इति संज्ञा प्राप्तवान् । नागरशैल्याः प्रमुखमन्दिराणि –

1. भितरगांवमन्दिरम् – कानपुर
2. दशावतार मन्दिरम् – झासी
3. लक्ष्मण मन्दिरम् – सिंहपुर
4. कंदरियामहादेव मन्दिरम् – खजराहो(म.प्र.)
5. लिंगराज मन्दिरम् – भुवनेश्वर(उडीसा)
6. जगन्नाथ मन्दिरम् – पुरी(उडीसा)
7. सुर्य मन्दिरम् – कोणार्क(उडीसा)
8. सुर्य मन्दिरम् – मोरडेरा(गुजरात)

नागरशैल्याः उपशैलीः(उत्तरभारतीय उत् वा आर्य शिखरयुक्त मन्दिराणि)

[12] शिल्परत्नम् 16-43/44

1. उडीसाशैलीः
2. खजुराहोशैलीः
3. राजपूतानाशैलीः
4. गुजरात उत् वा कठियावाडशैलीः
5. ग्वालियरशैलीः
6. वृन्दावन उत् वा मथुराशैलीः

आस्याम् षट्शैलीनाम् अतिरिक्तो नागरशैल्याः अन्योऽपि मन्दिराणयपि प्राप्तानि येषु कश्मीरस्य मन्दिराणि प्राच्य भारतस्य मन्दिराणि दक्षिणनागरशैल्याः मन्दिराणि हिमालयस्य मन्दिराणि आदि विशेषानि सन्ति। उडीसाः मन्दिराणाम् निर्माणकालः स्थापत्यशैल्याः आधारेण सप्तम् शताब्दतः त्रयोदशशताब्द्य यावत् मध्य उडीसाशैल्याः समयोः भवितुम् शक्नोति। यतो हि 'चतुर्थ उत् वा छठ शताब्द्याः मध्य येषाम् मन्दिराणाम् निर्माणो ' अभुत तेषु शिखराणाम् यः प्रकृति रुपरेखा योजना च दृश्यते। तस्माद्धिकविकसितरुपः उडीसाः मन्दिरेषु प्रदर्शयते। उडीसायाः मन्दिरनिर्माणकार्यम् एकः विस्तृतावधिसु अभुत्। पर्सीबाऊन महोदयेनः ऐषाम् मन्दिराणाम् कालक्रमेण त्रीषुश्रेणीषु विभाज्यते।

- प्रथमश्रेण्यः मन्दिराणि – यस्य निर्माणकालः ७५०ई. तः ९००ई. यावत्।
- द्वितीयश्रेण्यः मन्दिराणि – यस्य निर्माणकालः ९००ई. तः ११००ई. यावत्।
- तृतीयश्रेण्यः मन्दिरणि – यस्य निर्माणकालः ११००ई. तः १२५०ई. यावत्।

1. प्रथमश्रेणयः मन्दिराणि – भुवनेश्वरस्य सप्त मन्दिराणि उडीसाशैल्याः प्रारम्भिक रचना वर्तते। इमानी मन्दिराणि पशुरामेश्वरमन्दिर , वैतालदेवल, शत्रुघ्नेश्वर, भरतेश्वर,लक्ष्मणेश्वर, ईश्वरेश्वर, उत्तरेश्वर मन्दिरञ्च सन्ति। अस्मिन समुहे प्रायः सर्वाणि मन्दिराणि आकार-प्रकारेण भिन्नः सन्ति। यस्माज्ज्ञायते यत् स्थापत्यकलायाम् परम्परागतशैल्याः स्ह अनेकः नवीनशैलीनाम् विकासोऽपि अजायत्।
2. द्वितीयश्रेणयः मन्दिराणि – उडीसाशैल्याः मध्यकालीनकृतिषु भुवनेश्वरस्य-मुक्तेश्वर अथ च लिङ्गराजमन्दिरम् तथा च पूरयाम् जग्गरनाथमन्दिरम् प्रमुखोऽस्ति।
3. तृतीयश्रेणयः मन्दिराणि – उडीसा शैल्याः उत्तरकालीनकृतिषु अन्नतवासुदेवमन्दिरम्, राजारानीमन्दिरम्, सिद्धेश्वरमन्दिरम्,केदारेश्वरमन्दिरम्, ब्रह्मेश्वरमन्दिरम्, कोणार्कमन्दिरञ्च उल्लेखनियों विद्यते।

**उडीसायाः मन्दिरस्थापत्यम् -**

उडीसाः प्राचीननाम कलिंग इत्यासित। अस्य राजस्य ऐतिहासिकमहत्वम् अन्यतम्म् विद्यते। अत्र मग्धराज अशोकः सर्वप्रथमे धर्मविजयस्य घोषणाचकार अयम् महानक्रान्तिकारीसम्राट् युद्धपतीरुपनीतिस्वीकृत्या राजनीतेः प्रकृति चेष्टाक्रियते। कलायाः क्षेत्रेऽपि अस्य महत्वपूर्णम् योगदानम् विद्यते। उदयगिरेः उत् वा खण्डगिरिः प्राचीन शैलगुहा अस्य पुष्टि क्रियते। यत् शताब्द्यात् कुशलशिल्पकारः अत्र भूम्याः नित्यनुतनाश्रृंगारो क्रियते। मध्येयुगेऽपि अत्र उत्तरभारतीय आर्यशैल्याः

शिखरयुक्त मन्दिराणाम् निर्माणो अभूत । इमानि मन्दिराणि स्वसौन्दर्यनिर्मणयोजनायामनुपम् विद्यते। एतेषा मन्दिराणाम् संख्या प्रभुत अस्ति । अस्मात् कारणाद् उडीसायैः मन्दिराणाम् नगरी इत्युच्यते। उडीसायाः प्रायसः मन्दिराणि भुवनेश्वरे स्थित अतः इमान् मन्दिराणाम् नगरी इत्यपि कथितुम् शक्यते। उडीसायाः अधिकांश मन्दिराणि वर्तमाने सुरक्षितावस्थायाम् प्राप्यते। भारतस्य पूर्वे भागे समुद्रतटे उडीसा(प्राचीन कलिंग) प्रदेशो विद्यते । अस्मिन् प्रदेशे एकैस्थाने मन्दिराणाम् विकासौ बभूवः। उडीसाशैल्याः मन्दिराणि समुन्द्रमनुपरियन्तम् षड्शताधिककिलोमीटर विस्तृत प्रान्ते स्थापित्म् सन्ति। प्रायः समीपे पुरीयाः जग्गनाथमन्दिरम् उत् वा कोणार्क सुर्यमन्दिरस्यों उल्लेखो कर्तुम् शक्यते, किन्तु बंगाल-उडीसा तथा च बंगाल-बिहार प्रदेशस्य सीमायाम् तस्येव शैल्याः मन्दिराणि विद्यमानों जायन्ते। उडीसायाःमन्दिराणि विसुदरुपेण नागरशैल्याः प्रतिरुपम् क्रियते। अत्र मन्दिरेषु स्तम्भानाम् प्रयोगः न्यूनो दृश्यते । अस्य स्थाने लौहनिर्मित सहतीराणाम् उपयोगों विद्यते। उडीसायाः केचन् प्रसिद्धानी मन्दिरणि एभि प्रकारेण सन्ति।

**सन्दर्भग्रन्थसूची -**


1. देवालयचन्द्रिकाः -जुगनू डाँ. श्रीकृष्ण, सहयोग अनुभूति चौहान, दिल्ली।
2. प्रसादमण्डनम् - शर्मा डाँ. भास्कर (श्रोत्रियः) जगदीश संस्कृत पुस्तकालय जयपुर।
3. प्रासादमण्डनम् (वास्तुशास्त्रम्) - जुगनू डाँ श्रीकृष्ण।
4. मयमतम् - पाण्डेय डाँ. शैलजा, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी।
5. मार्कण्डेय पुराण - शास्त्री के. एल. परिमल पब्लिकेशन, दिल्ली।
6. मंदिर स्थापत्य का इतिहास - सहाय सच्चिदानंद, बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना।
7. मनुष्यालयचंद्रिका- डॉक्टर पांडे शैलजा, चौखम्भा सुरभारतीय प्रकाशन, वाराणसी।
8. वास्तुकल्पलता - त्रिवेदी प्रो. हरिहर, चौखम्बा कृष्णदास, अकादमी, वाराणसी।
9. वास्तुरन्नाकरः - द्विवेदी श्री विध्येश्वरी प्रसाद, चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस वाराणसी।
10. वास्तुशास्त्रविमर्शः - पाण्डेय प्रो. रमेश कुमार,श्री ला.ब.शा.रा.सं.विश्वविद्यालय, दिल्ली।
11. वास्तुसारः - त्रिपाठी डाँ. देवी प्रसाद, परिक्रमा प्रकाशन।
12. वास्तुसौख्यम् -शुक्ल आचार्यः श्री कमलाकान्त, सं. सं. वि. वि. वाराणसी।
13. विश्वकर्मप्रकाशः - खेमराजः श्रीकृष्णदासः,खेमराज श्रीकृष्णदास प्रकाशन, मुम्बई।
14. भारतीय वास्तु विद्या के वैज्ञानिक आधार - शर्मा डा. बिहारीलाल, मान्यता प्रकाशन, दिल्ली।
15. भारतीय वास्तुशास्त्र का इतिहास - डॉ. विद्याधर, ईस्टर्न बुक लिंकर्स, जवाहरनगर, दिल्ली।
16. भारतीय संस्कृति - गोयल डॉ. प्रीतिप्रभा, राजस्थानी ग्रन्थागार,जोधपुर राजस्थान।
17. Temples of India, volume-1. - Krishna Deva, Aryan books International.
18. The Hindu temple - George Michelle University of Chicago Press.
19. The Hindu temple part 1&2. - Stella kramrisch, Motilal Banarsidas Publisher's Pvt. Ltd. Delhi.
20. Vastu astrology and architecture – Gaytri Devi vashudev, Motilal Banarshidas Publisher's ,Pvt LTD.

# राजा भोज, एवं देवालय की वास्तु शैली : एक अवलोकन

रिपुदमन चंद्र[1]

**शोधपत्र सारांश** - महाराजा भोज ने मालवा प्रदेश के प्रत्येक नगर ग्राम में अनेक मंदिरों का निर्माण करवाया था जिनकी शैली अधिकतर नागर है। महाराजा भोज बहुत बड़े वीर, प्रतापी, पंडित और गुण-ग्राही थे। इन्होंने अनेक देशों पर विजय प्राप्त की थी और कई विषयों में अनेक ग्रंथों का निर्माण किया था। इनका समय १० वीं ११ वीं शताब्दी माना गया है। राजा भोज की ख्याति एक उत्कृष्ट कवि, दार्शनिक और ज्योतिषी के रूप में भी थी। कहा जाता है कि उन्होंने ज्ञान के सभी क्षेत्रों में रचनाएँ की है ।जैसे धर्म, खगोल विद्या, कला, कोशरचना, भवननिर्माण, काव्य, औषधशास्त्र आदि विभिन्न विषयों पर पुस्तकें लिखी थीं जो अब भी विद्यमान हैं। उनकी वास्तुशैली का विशेष अध्ययन प्रस्तुत शोधपत्र एन किया गया है।

**कूट शब्द** - महाराजा भोज, मालवा, नागर, १० वीं ११ वीं शताब्दी, धर्म, खगोल विद्या, कला, कोशरचना, भवननिर्माण, काव्य, औषधशास्त्र, वास्तुशैली, राजनीति, आयुध, द्विपदयान, चतुष्पदयान, अष्टदोला, नौका-जहाज।

महाराजा भोज परमार या पंवार वंश के नवें राजा थे[2]। जो मालवा के नरेश थे तथा उनकी राजधानी धारानगरी (धार) थी। मालवा प्रदेश के प्रत्येक नगर नगर में ग्राम ग्राम में इन्होंने अनेकों छोटे बड़े मंदिरों का निर्माण करवाया था जिनकी शैली अधितर नागर है। किन्तु वर्तमान समय मे अंश मात्र मंदिर ही स्थित रह गए हैं। महाराजा भोज बहुत बड़े वीर, प्रतापी, पंडित और गुण-ग्राही थे। इन्होंने अनेक देशों पर विजय प्राप्त की थी और कई विषयों में अनेक ग्रंथों का निर्माण किया था।

[1]महाराजा श्री रामचंद्रभंजा देव विश्वविद्यालय, द्वितीय परिसर, क्योंझर,ओडिशा।

[2]विजयेन्द्र कुमार माथुर 1990, पृ० ३१९।

इनका समय १० वीं ११ वीं शताब्दी माना गया है । राजा भोज की ख्याति एक उत्कृष्ट कवि, दार्शनिक और ज्योतिषी के रूप में भी थी। कहा जाता है कि उन्होंने ज्ञान के सभी क्षेत्रों में रचनाएँ की है ।जैसे धर्म, खगोल विद्या, कला, कोशरचना, भवननिर्माण, काव्य, औषधशास्त्र आदि विभिन्न विषयों पर पुस्तकें लिखी थीं जो अब भी विद्यमान हैं। धारानगरी (धार) में भोज शोध संस्थान में राजाभोज के रचित ग्रन्थों का संकलन है। जिसमें राजाभोज के रचित 84 ग्रन्थों में केवल 21 ग्रन्थ ही वर्तमान में उपलब्ध हैं। जिनमे से सरस्वतीकण्ठाभरण, शृंगारमञ्जरी, चम्पूरामायण, चारुचर्या, तत्वप्रकाश, व्यवहारसमुच्चय, समरांगण सूत्रधार आदि अनेक ग्रन्थ इनके लिखे हुए बतलाए जाते हैं। उनमें से प्रमुख हैं[3] -

1. राजमार्तण्ड (पतंजलि के योगसूत्र की टीका)
2. सरस्वतीकंठाभरण (व्याकरण)
3. सरस्वतीकण्ठाभरण (काव्यशास्त्र)
4. शृंगारप्रकाश (काव्यशास्त्र तथा नाट्यशास्त्र)
5. तत्त्वप्रकाश (शैवागम पर)
6. वृहद्राजमार्तण्ड (धर्मशास्त्र)
7. राजमृगांक (चिकित्सा)
8. विद्याविनोद

**युक्तिकल्पतरु -** यह समस्त रचनाओं में यह ग्रन्थ अद्वितीय है। इस एकमात्र ग्रन्थ में अनेक विषयों का संकलन व वर्णन प्राप्त होता है। राजनीति, वास्तु, रत्नपरीक्षा, विभिन्न आयुध, अश्व, गज, वृषभ, महिष, मृग, अज-श्वान आदि पशु-परीक्षा, द्विपदयान, चतुष्पदयान, अष्टदोला, नौका-जहाज आदि के सारभूत तत्त्वों का भी इस ग्रन्थ में संक्षेप में सन्निवेश है। विभिन्न पालकियों और जहाजों का विवरण इस ग्रन्थ की अपनी विशेषता है। विभिन्न प्रकार के खड्गों का सर्वाधिक विवरण इस पुस्तक में ही प्राप्त होता है। इनकी सभा सदा बड़े बड़े पण्डितों से सुशोभित रहती थी। यह स्वयं विद्वान और विद्वानों का आश्रय प्रदान करने वाले विनम्र राजा भी थे। इनकी पत्नी का नाम लीलावती था जो बहुत बड़ी विदुषी थी। जब महाराजाभोज जीवित थे तो उनके विषय कहा जाता था -

**अद्य धारा सदाधारा सदालम्बा सरस्वती।**
**पण्डिता मण्डिताः सर्वे भोजराजे भुवि स्थिते॥** [4]

[3] Samarangana Sutradhara of Bhojadeva: An Ancient Treatise on Architecture in Two Volumes)". मूल से 14 सितंबर 2015 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि 25 अगस्त 2015।
[4]तिलकमन्जरी, घनपालवीरचित निर्णयसागर मुद्रालय मुंबई, प्रकाशन बर्ष 1903।

(आज के वर्तमान समय में स्वयं महाराजा भोजराज के इस धरती पर स्थित होने से यह धारा नगरी सदाधारा समान है (अच्छे आधार वाली) है; माँ सरस्वती को सदा आलम्ब प्राप्त हुआ प्रतीत होता है; तथा सभी पण्डित जन, विद्वान जन कवि जन यहाँ इस उत्तम आधार वाली धरती पर आद्दत हैं।)
तथा जब राजाभोज का देहान्त हुआ तो कहा गया था -

**अद्य धारा निराधारा निरालम्बा सरस्वती।**
**पण्डिताः खण्डिताः सर्वे भोजराजे दिवं गते॥**[5]

(आज जब महाराज भोज का स्थूल शरीर पंचतत्व में विलीन हो चुका है इनका स्वर्ग के लिए प्रस्थान हो चुका है, इनका स्वर्गवास हो चुका है, इनके दिवंगत हो जाने से ऐसा प्रतीत होता है जैसे इस धारा नगरी के समस्त चराचर प्राणी पेड़,पौधे,शिलाएं,पशु,पक्षी यह सब निराधार हो कर विलाप कर रहें हैं। स्वयं यह सम्पूर्ण धारा नगरी निराधार हो गयी है ; स्वयं माँ सरस्वती जो कभी सदालम्बा हुआ करती थी जो आलम्ब को प्राप्त हुई सदा प्रतीत होती थी वह आज बिना आलम्ब की हो गयी हैं और सभी पंडितजन,विद्वानजन, कवि जन मानो खंडित से हो गएं हों ऐसा प्रतीत हो रहा है।

**महाराजभोज का साम्राज्य :** उदयपुर की ग्वालियर प्रशस्ति में लिखा है कि सम्राट भोज का राज्य उत्तर में हिमालय से, दक्षिण में मलयाचल तक और पूर्व में उदयाचल से पश्चिम में अस्ताचल तक फैला हुआ था। इस सम्बन्ध में निम्न श्लोक इस प्रकार है -

**आकैलासान्मलयर्गिरतोऽ स्तोदयद्रिद्वयाद्वा।**
**भुक्ता पृथ्वी पृथुनरपतेस्तुल्यरूपेण येन॥**[6]

अन्य विद्वानों मतानुसार सम्राटभोज का राज्य लगभग समस्त भारतवर्ष पर ही था। इनका अधिकार पूर्व में डाहल या चेदि, कन्नौज, काशी, बंगाल, बिहार, उड़ीसा और आसाम तक था। दक्षिण में विदर्भ, महाराष्ट्र, कर्णाट और कांची तक तथा पश्चिम में गुजरात, सौराष्ट्र और लाट तक, तथा उत्तर में चित्तौड़ साँभर और काश्मीर तक था। चम्पू रामायण में भोज को विदर्भ का राजा कहाँ गया है और विदर्भराज की उपाधि से विभुषित किया गया है[7]। भोज के राज्य विस्तार को दर्शाता हुआ और एक श्लोक इस प्रकार है -

**केदार-रामेश्वर-सोमनाथ-सुण्डीर-कालानल-रूद्रसत्कैः।**
**सुराश्रयैर्व्याप्य च यःसमन्ताद्यथार्थसंज्ञां जगतीं चकार॥**

यहां स्पष्ट होता है कि भोज ने अपने साम्राज्य के पूर्वी सीमा पर सुंदरवन स्थित सुण्डिर, दक्षिणी सीमा पर रामेश्वर, पश्चिमी सीमा पर सोमनाथ तथा उत्तरी सीमा पर केदारनाथ जैसे विख्यात

---

[5] तत्रैव

[6] एपिग्राफिया इंडिका.भाग.१.पृ.२३५. श्लो.१७.। राजा भोज, श्रीयुत विश्वेश्वरनाथ रेणु, पृ. 125, इलाहाबाद, हिंदुस्थानी एकेडेमी, यु. पी. 1932।

[7] एपिग्राफिया इंडिका. भाग.१. पृ.२३६.श्लो.२०.।

मंदिरों का निर्माण तथा पुर्ननिर्माण किया था। भोज ने काश्मीर में कुण्ड भी बनवाया था। भोज के साम्राज्य विस्तार पर विद्वानों में थोडा मतभेद देखने को मिलता है क्योंकि भोज की साम्राज्य सीमाएं विस्तृत तो थी किंतु थोड़ी अस्थिर रही[8]। भोज का काश्मीरराज्य भी इतिहास में दर्ज है। विश्वेश्वरनाथ रेणु ने राजा भोज से सम्बन्धित राज्यों की सुचि में काश्मीरराज्य के विषय में लिखा है कि राजा भोज ने सुदूर काश्मीरराज्य के कपटेश्वर ( कोटेर ) तीर्थ में पापसूदन का कुण्ड बनवाया था और वह सदा इसी कुंड के लाए हुए जल से मुँह धोया करता थे। इस कुण्ड का जल लाने के लिए उन्होंने विशेष प्रबंध कर रखे थे[9]।

**देवालय वास्तु : -** सर्व प्रथम वास्तु क्या है इसका प्रादुर्भाव कैसे हुआ तो इस विषय मे मत्स्यपुराण अध्याय 252 के श्लोक संख्या 5 और 6 से स्पष्ट होता है कि भगवान शंकर ने जब अंधकासुर के वध के समय विकराल रूप धारण किया था तथा उस विकराल रूप धारी शरीर से जब युद्ध किया था उस समय भगवान शंकर के ललाट से पृथ्वी पर उनके स्वेदविन्दु गिरे थे। उन्ही स्वेद विन्दुओं से एक भीषण एवं विकराल मुख वाला प्राणी प्रकट हुआ था।

**ललाटस्वेदसलिलमपतद् भुवि भीषणम्।**
**करलवादनं तस्माद् भूतमुदभूत मुल्बणम्॥** [10]

वह ऐसा प्रतीत होता था मानो सप्तद्वीपों समस्त वसुंधरा तथा आकाश को निगल जाएगा। फिर वह प्राणी युद्ध भूमि में गिरे हुए अंधकों के रक्त का पान करने लगा किन्तु उसकी भूख फिर भी शांत न हुई तो वह सदा शिव के सम्मुख त्रिलोक भक्षणार्थ अत्यंत घोर तपस्या करने लगा। शङ्कर से वरदान पाकर वह त्रिलोकभक्षण हेतु उद्यत हुआ तो भयभीत हुए सस्मत देवताओं तथा ब्रह्मा, शिव, दानव, दैत्य और राक्षसों द्वारा वह एक ही जगह स्तम्भित कर दिया गया। इस समय जिस जिस देवता राक्षस ने उसे जिस जिस स्थान और आक्रांत कर रखा था वह वहां निवास करने लगा।इस प्रकार वह सभी देवताओं के निवास करने के कारण वह वास्तु नाम से विख्यात हुआ।

**येन यत्रैव चक्रान्तं स तत्रैवावसत् पुनः।**
**निवासात् सर्वदेवानां वास्तूरित्यभिधीयते॥**[11]

इसी प्रकार बृहद्वास्तुमालाकार पण्डित रामनिहोर द्विवेदी जी अपने ग्रन्थ बृहदवास्तुमाला में वास्तुपुरुष स्वरूप के वारे में लिखते हैं कि सतयुग के आरम्भ में एक महान प्राणी उत्तपन्न हुआ, जो अपने विशालकाय शरीर से समस्त भुवनों यानी 14 भुवनों तक व्यापत था, इस विशाल आकार

---

[8] राजा भोज. श्रीयुत विश्वेश्वरनाथ रेणु, इलाहाबाद, हिंदुस्थानी एकेडेमी, यु. पी. 1932।
[9] राजा भोज. श्रीयुत विश्वेश्वरनाथ रेउ. पृ.235.इलाहाबाद.हिंदुस्थानी एकेडेमी, यु. पी.1932।
[10]मत्स्यमहापुराण, प्रकाशक गीताप्रेस गोरखपुर, चौदहवाँ मुद्रण, पृ. ९७२ ,अध्याय वास्तु प्रादुर्भाव कथा - 6।
[11]मत्स्यमहापुराण ,प्रकाशक गीताप्रेस गोरखपुर, चौदहवाँ मुद्रण, पृ. ९७२ ,अध्याय वास्तु प्रादुर्भाव कथा- 16।

वाले प्राणी को देख कर देवराज इंद्र सहित सभी देवता गण भयभीत एवं आश्चर्यचकित थे, तदुपरांत उन्होंने क्रुद्ध हो कर उस असुर को पकड़ कर उसका सिर नीचे करके भूमि में गाड़ दिया और स्वयं वहाँ खड़े रहे। इसी का नाम ब्रह्मा ने 'वास्तु पुरुष' रखा।

**पूरा कृतयुगे ह्यासीन्महद्भूतं समुत्थितम्।**
**व्याप्यमानं शरीरेण सकलं भवनं ततः।।**
**तद् दृष्टवा विस्मयं देवा गताः सेन्द्रा भयवृताः।**
**ततस्तैः क्रोधसन्तप्तैरगृहीत्वा तमथासुराम्।।**
**विनिक्षिप्तमधोवक्तत्रं स्थितास्तत्रैव ते सुराः।**
**तमेव वास्तुपुरुषं ब्रह्मा कल्पितवान् स्वयम्।।**[12]

जिसप्रकार मनुष्य के लिए गृहनिर्माण जीवन की एक आवश्यक प्रक्रिया है उसी प्रकार हमारे सनातन धर्म में विभिन्न स्थानीयनिय देवी, देवताओं के मंदिर, प्रासाद आदि का निर्माण भी हमारे जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया का अंश है और हर क्रिया का विधान निर्धारित है। भवन, प्रासाद, राजप्रासाद आदि की निर्माण क्रिया का जो सिद्धान्त निर्धारित है, उसे 'वास्तुशास्त्र' का नाम दिया गया है। महाराज भोज द्वारा रचित समरांगण सूत्रधार नामक ग्रन्थ में लिखा है कि सम्पूर्ण रूप से विधिविधान से एवं उत्तम ढंग से बनाया गया भवन सुख संपति, बुद्धि, सन्तान एवं मानसिक शांतिदायक होता है। उसमें वास करने वाला व्यक्ति सदा ऋणमुक्त रहता है। वास्तुशास्त्रियों में विश्वकर्मा एवं मय दानव को अत्यधिक महत्व प्राप्त है। भारत मे मुख्यत: दो प्रकार के निर्माण उपलब्ध हैं, एक है उत्तर शैली के और दूसरे हैं दक्षिण शैली के। इन दोनों में काफी अंतर है दक्षिण भारत मे जो मंदिर, प्रासाद आदि वने हुए हैं। उत्तर में वैसे निर्माण नहीं है। निर्माण कार्यों की दो विभिन्न परंपराएं हैं। जिन्हें दक्षिणी एवं उत्तरी निर्माण कला कहा जाता है। उत्तरी निर्माण कला के लिए हमें विश्वकर्मा प्रकाश एवं समरांगण सूत्रधार को लेना चाहिए तथा दक्षिणी कला के लिए हमें विश्वकर्मीय शिल्प तथा मानसर को सन्दर्भ के रूप में लेना चाहिए।

समरांगण सूत्र धार वास्तु के सहस्त्रों रहस्यों का उद्घाटन करता है। यह एक बृहद ग्रन्थ है,जिसकी रचना 11 वीं सदी में हुई थी।राजा भोज द्वारा प्रस्तुत यह ग्रन्थ वास्तुशास्त्र के मूलभूत सिद्धांतो से ओतप्रोत है। समरांगण सूत्रधार नामक ग्रन्थ में देव प्रतिमा- वास,भवन -निर्माण,देव-प्रतिष्ठा,सभा-भवन, प्रार्थना-भवन निर्माण के विषय मे विस्तृत विवेचन हुआ है।

राजा भोज जिनका राज उत्तरी हिमालय से लेकर दक्षिणी मलयाचल तक फैला हुआ था तथा पूर्व उदयांचाल से पश्चिम के अस्तांचल तक फैला हुआ था उसी के अनुरूप राजा भोज ने जिन जिन

[12] बृहदवास्तुमाला,चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, संस्करण 2014 पृ. 1 , श्लोक 1,2,3.।

मंदिरों का प्रासादों का निर्माण करवाया था या पुनर्निर्माण करवाया था वह सभी आज नागर शैली के अंतर्गत रखें जाते हैं या यों कह सकते हैं नागर शैली नाम से प्रसिद्ध है। इस शैली का प्रसार हिमालय से लेकर विंध्य पर्वत माला तक देखा जा सकता है। वास्तुशास्त्र के अनुसार नागर शैली के मंदिरों की पहचान आधार से लेकर सर्वोच्च अंश तक इसका चतुष्कोण होना है। विकसित नागर मंदिर में गर्भगृह, उसके समक्ष क्रमशः अन्तराल, मण्डप तथा अर्द्धमण्डप प्राप्त होते हैं। एक ही अक्ष पर एक दूसरे से संलग्न इन भागों का निर्माण किया जाता है।

**नागर शैली के अङ्ग :-** 'नागर' शब्द नगर से बना है। सर्वप्रथम नगर में निर्माण होने के कारण इन्हे नागर की संज्ञा प्रदान की गई। शिल्पशास्त्र के अनुसार नागर मंदिरों के आठ प्रमुख अंग है[13]।

(१) मूल आधार - जिस पर सम्पूर्ण भवन खड़ा किया जाता है।

(२) मसूरक - नींव और दीवारों के बीच का भाग

(३) जंघा - दीवारें (विशेषकर गर्भगृह की दीवारें)

(४) कपोत - कार्निस

(५) शिखर - मंदिर का शीर्ष भाग अथवा गर्भगृह का उपरी भाग

(६) ग्रीवा - शिखर का ऊपरी भाग

(७) वर्तुलाकार आमलक - शिखर के शीर्ष पर कलश के नीचे का भाग

(८) कलश - शिखर का शीर्षभाग

नागर शैली का क्षेत्र उत्तर भारत में नर्मदा नदी के उत्तरी क्षेत्र तक है। परंतु यह कहीं-कहीं अपनी सीमाओं से आगे भी विस्तारित हो गयी है। नागर शैली के मंदिरों में योजना तथा ऊँचाई को मापदंड रखा गया है। नागर वास्तुकला में वर्गाकार योजना के आरंभ होते ही दोनों कोनों पर कुछ उभरा हुआ भाग प्रकट हो जाता है जिसे 'अस्त' कहते हैं। इसमें चांड़ी समतल छत से उठती हुई शिखा की प्रधानता पाई जाती है। यह शिखा कला उत्तर भारत में सातवीं शताब्दी के पश्चात् विकसित हुई अर्थात परमार शासकों ने वास्तुकला के क्षेत्र में नागर शैली को प्रधानता देते हुए इस क्षेत्र में नागर शैली के मंदिर बनवाये।

वृहदवास्तुमाला के अनुसार देवालय के निर्माण के विधान के विषय मे बृहदवास्तुमालाकार पण्डित रामनिहोरद्विवेदी जी लिखते हैं -- देवालय का जो विस्तार है, उससे दुगुनी ऊंचाई मंदिर की होती है। जैसे देवालय के मध्य का विस्तार यदि 32 हाथ है तो उसकी ऊंचाई 64 हाथ होनी चाहिए। ऊँचाई का तीसरा भाग (२१ हाथ ८ अंगुल) मंदिर का कटि प्रदेश होना चाहिए। देवालय के विस्तार का आधा यानी यदि हम 32 विस्तार के अनुसार देखें तो(१६ हाथ) गर्भ गृह होना चाहिए। गर्भ के

[13] "मंदिरों का सामान्य इतिहास व विवरण". देवस्थान विभाग देवस्थान राजस्थान. २६ अप्रैल २०१८.।

चारों ओर जो दीवार होती है। इसमें एक हाथ भूमि परिक्रमा क्र लिए रख कर शेष तीन हाथ भूमि में दीवार का निर्माण करना चाहिए। गर्भ का जितना विस्तार हो यानी हमारे मान के अनुसार (१६ हाथ) गर्भ का विस्तार तो उस मान का चतुर्थांश यानी (४ हाथ ) मान का उसका प्रवेश द्वार होना चाहिए। द्वार की ऊंचाई द्वार के मान से दोगुना होनी चाहिए, यानी (८ हाथ )। द्वार की ऊंचाई का चतुर्थांश यानी (२ हाथ) शाखाविस्तार होगा। उसी तरह उदुम्बर यानी ( शाखा के ऊपर और नीचे वाला काष्ठ भी रखना चहिये।) शाखा का जो विस्तार हो उसकी चतुर्थांश शाखाओं की मोटाई होनी चाहिये। यदि वह द्वार ३,४,५,७,९ शाखाओं से युक्त हो तो उत्तम माना गया है।

शाखाविस्तार यदि ३ से पूरा न हो तो ५ से पूरा करें यदि ५ से भी पूरा न हो तो ७ से पूरा करें यदि ७ से भी पूरा न हो तो ९ से पूरा करने का विधान है। शाखा का नीचे का जो भाग है , उसके चतुर्थांश से प्रतिहारों ( नन्दी ,दण्ड आदि ) को रखें। शेष तीन भागों में हंस आदि माँगलिक पक्षी , श्रीवृक्ष, वास्तुपुरुषं, २ स्वस्तिक ,घट रखें। लता पत्र आदि से से द्वार की शोभा को शोभित करें। द्वार की ऊंचाई का जो अष्टमांश हो, उसको द्वार की ऊंचाई में घटा कर सपिण्डी की प्रतिमा बनावें, उसमे भी दो भाग प्रतिमा और एक भाग पिण्डिका होती है।

जैसे मेरु की ऊंचाई यदि 8 हाथ है ; उसका अष्टमांश 1 हाथ हुआ। इसे 8 में घटाने पर 7 शेष रहा, इसमें दो भाग यानी ( ४ हाथ १६ अंगुल ) प्रतिमा का प्रमाण और उसी का तीसरा भाग यानी (2 हाथ ८ अंगुल) पिण्डी का प्रणाम करें, इसी प्रकार सभी प्रकार के प्रासादों के निर्माण का विधान बृहदवास्तुमालाकार द्वारा अपने ग्रन्थ में देवालयविधानम् में बताया गया है।

**यो विस्तारो भवेद्यस्य द्विगुणा तत्समुन्नतिः।**
**उच्छ्रायाद् यस्तृतीयांशस्तेन तुल्याः कटिः स्मृता॥**
**विस्तारार्धं भवेद्गर्भो भित्तयोऽन्याः समन्ततः।**
**गर्भपादेन विस्तीर्णं द्वारं द्विगुणमुच्छ्रितम्॥**
**उच्छ्रायात् पादविस्तीर्णा शाखा तद्वदुदुम्बरः।**
**विस्तारपादप्रतिमं बाहुल्यं शाखयोः स्मृतम्।**
**त्रिपञ्चसप्तनवभिः शाखाभिस्तत् प्रशस्यते**
**अधः शाखाचतुर्भागे प्रतीहारौ निवेशयेत्॥**
**शेषं मङ्गल्यविहगैः श्रीवृक्षैः स्वस्तिकैर्घटैः।**
**मिथुनैः पत्त्रवल्लीभिः प्रमथैश्चोपशोभयेत्॥**
**द्वारमानाष्टभागोना प्रतिमा स्यात् सपिण्डिका।**
**द्वौ भागौ प्रतिमा तत्र तृतीयांशश्च पिण्डिका॥**[14]

[14]बृहदवास्तुमाला,चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, संस्करण 2014 पृ.१८२/१८३, श्लोक 11,से 16।

यहाँ प्रासादों के प्रकार भी बताए गए हैं की 20 प्रकार के प्रासाद यानी देवालय होते हैं। क्रमशः १ मेरु, २ मन्दर, ३ कैलास, ४ विमानच्छद, ५ नन्दन ६ समुद्र, ७ पद्म, ८ गरुड़, ९ नन्दिवर्धन, १० कुञ्जर, ११ गुहराज, १२ बृष, १३ हंस, १४ सर्वतोभद्र, १५ घट, १६ सिंह, १७ वृत, १८ चतुष्कोण, १९ षोडशाशश्रि, २० अष्टाश्रि।[15] इसी प्रकार मत्स्य पुराण में भी 21 प्रकार के देवालयों का वर्णन हैं जिनके नाम क्रमशः हैं - मेरु, मन्दर, कैलास, कुम्भ, सिंह,मृग, विमान, छंदक, चतुरस्र, अष्टास्र, षोडशास्र, वर्तुल, सर्वभद्रक,सिंहास्य, नन्दन, नन्दिवर्धन, हंस, वृष, सुवर्णेश, पद्मक और समुद्रक।[16] इन्ही प्रसादों में नागर शैली के प्रासाद हैं वह चतुष्कोणीय प्रासाद होते हैं, अर्थात उनका वास्तविक नाम प्रासादों के नामों में वास्तुशास्त्र के अनुसार चतुष्कोणीय प्रासाद धटित होता है , जो समय के साथ बदल कर नगर में निर्माण होने के कारण नागर शैली के नाम से प्रसिद्धि को प्राप्त हुआ। बृहदवास्तुमाला में  तथा मत्स्य पुराण के अनुसार प्रासादलक्षण विषय में चतुष्कोणीय प्रासाद को पँचशिखिर वाला कहा गया  जो कि नागर नामक चूषकोणीय शैली में घटित होता है - **पञ्चाण्डयुतस्तु चतुरस्रः**[17]**, चतुरस्रः पञ्चभौमः काश्यपमते**[18]**,  चतुष्कोणस्तु पंचश्रृंङ्गः**[19] **विमानच्छन्दकस्तद्वत् तुरस्रस्तथैव च**[20]**।**

वास्तुशास्त्र के इन तथ्यों से स्पष्ट होता है कि जो नागर शैली के प्रासाद बने हैं वह वास्तव में चतुष्कोणीय वास्तुशास्त्र के प्रासाद लक्षण के अंग है। जिन्हें बाद में नगर विशेष में निर्माण के कारण नागर शैली का नाम दिया गया। अन्यथा वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थों में मत्स्यपुराण के अनुसार यह शैली चतुषकोंणीय तथा चतुरस्र नाम से प्रसिद्ध है।

---

[15] बृहदवास्तुमाला,चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी,संस्करण 2014 पृ.१८४, श्लोक 17 से 19।
[16] मत्स्यमहापुराण, गीताप्रेस गोरखपुर, चौदहवाँ मुद्रण, पृ. १०२८ ,अध्याय 269 श्लोक २८,२९,३०।
[17]बृहदवास्तुमाला, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, संस्करण 2014 पृष्ठ १८७,श्लोक २८।
[18] बृहदवास्तुमाला, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, संस्करण 2014 पृष्ठ १८७।
[19] बृहदवास्तुमाला, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, संस्करण 2014 पृष्ठ १८८,श्लोक २८।
[20] मत्स्यमहापुराण, गीताप्रेस गोरखपुर, चौदहवाँ मुद्रण, पृ. १०२८ ,अध्याय 269 श्लोक २८।

# भाषावृत्तिपञ्जिकाकृत् विश्वरूपोपाध्यायः

- डा.प्रियव्रतमिश्रः

**शोधपत्रसारांशः** - प्रस्तुतः शोधलेखः विश्वरूपोपाध्यायस्य विषयेऽस्ति यः खलु मिथिलायां प्रसिद्धवैयाकरणत्वेन प्रथते स्म पुरा । अष्टाध्याय्याः वृत्तिग्रन्थः पुरुषोत्तमदेवविरचितः "भाषावृत्तिः" इति प्रख्यात एव। तस्य वृत्तिग्रन्थस्य व्याख्यात्वेन "भाषावृत्तिपञ्जिका" विरचिता विश्वरूपोपाध्यायेन। प्राचीनग्रन्थेषु यद्यपि अस्य विषये उल्लेखः समुपलभ्यते, परमर्वाचीनानां कृते अपरिचितोऽयं ग्रन्थः ग्रन्थकारश्च। अतः तयोः परिचितिरेव अस्य प्रबन्धस्य लक्ष्यम्।

**कूटशब्दाः** - पुरुषोत्तमदेवः, मिथिला, मिथिलासंस्कृतशोधसंस्थानम्, एशियाटिक् सोसायटि, कोलकता, कामेश्वरसिंहदरभंगासंस्कृतविश्वविद्यालयः।

---

**वाङ्मुखम् -**

अतिरोहितमिदं तलावगाहिनां विदुषां यत् पाणिनीयं हि व्याकरणं शिरोरत्नायमानं विराराष्टितमाम् अखिलेऽपि भुवनतले।तदीयं खल्वष्टकं (अष्टाध्यायी) विद्यमानेषु भाषाविज्ञानेषु उत्कृष्टतममित्यत्र नासत्यवादविभीषिका। अस्याः अष्टाध्याय्याः उपर्यनेकाः वृत्तयः विरचिताः। विमलमतिना भागवृत्तिर्विलिखिता। मैत्रेय-रक्षित-शरणदेव-पुरुषोत्तमदेवादयोऽपि विषयेऽस्मिन् स्वमतिं व्यापारयन् ।तासु कृतिषु पुरुषोत्तमदेवविरचिता भाषावृत्तिः प्रसिद्ध्यतितमां स्वप्रणयनशैल्या। भाषावृत्तिः नाम लौकिकसंस्कृतशब्दसाधिका वृत्तिः।

**भाषावृत्तिकारः पुरुषोत्तमदेवः -**

बङ्गालाभिजनोऽयं राज्ञः लक्ष्मणसेनस्य आश्रये न्यवसीत्।बौद्धमतावलम्बीति ग्रन्थारम्भे एव प्रत्यजानत् – "ओम् नमो बुद्धाय" इति। मध्येभाषावृत्तमुदाहरणेषु बौद्धचिन्तनं बुद्धं प्रत्यादरभावश्च दृश्यते १।राज्ञः लक्ष्मणसेनस्य समयः ११०९ई तः १२००ई.पर्यन्तमतः पुरुषोत्तमदेवस्यापि स एव काल इति मन्यते।पुरुषोत्तमदेवस्य कालविषये निम्नोल्लिखिताः अंशाः ध्येयाः।

1. दुर्घटवृत्तिकारः शरणदेवः स्वकालं १२३०ई. इत्युल्लिलेख यः पुरुषोत्तमदेवस्य चर्चामकार्षीत्।

2. अमरकोषस्य टीकाकार: सर्वानन्द: १२१६ई. संव्वत्सरे टीकासर्वस्वमरचीत् यत्र भाषावृत्तेरुल्लेखो दृश्यते।
3. विश्वरूपोपाध्यायकृता “पञ्जिका” भाषावृत्ते: व्याख्यानं १२५०ई.संव्वत्सरे विलिखितम्। सहायकाचार्य:, व्याकरणविभागे, श्रीरामसुन्दरसंस्कृतविश्वविद्याप्रतिष्ठानम्, रमौली, दरभंगा।
4. बौद्धो जिन: पातु व:” ३,३,१७३। न दोषप्रति बौद्धदर्शने -२,१,९।महाबोधिं गन्तास्म:-३,३,१३७। प्रणम्य शास्त्रे सुगताय तायिने १,४,३२।
5. भाषावृत्ते: व्याख्याता सृष्टिधराचार्य: वदति यत् पुरुषोत्तमदेव: राज्ञ: लक्ष्मणसेनस्याज्ञामवाप्य भाषावृत्तिं व्यरचयदिति । लक्ष्मणसेनस्य कालस्तु ११०९ई. संव्वत्सरमित्याकल्यते।

उपर्युक्ताधारेण पुरुषोत्तमदेवस्य समय: ११००ई. त: ११५०ई. अभ्यन्तरे निर्धार्य्यते।

**पुरुषोत्तमदेवरचिता: ग्रन्था: -**

(1) भाषावृत्ति: - अष्टाध्याय्या: लघुवृत्ति:
(2) प्राणपणा – महाभाष्यस्य लघुवृत्ति:
(3) कुण्डलीव्याख्यानम् – श्रुतपालकृतकुण्डलीव्याकरणस्य व्याख्या
(4) कारककारिका – कारकविवेचनपरक: श्लोकात्मक:
(5) परिभाषावृत्ति: - व्याकरणपरिभाषाणां व्याख्या
(6) दुर्घटवृत्ति: - सर्वानन्दद्वारा चर्चिता अष्टाध्यायी वृत्ति:
(7) ज्ञापकसमुच्चय: - ज्ञापकानां संग्रह: व्याख्या च
(8) उणादिवृत्ति: - उणादिसूत्राणामुपरि
(9) कारकचक्रम् – कारकाणां समीक्षा
(10) हारावली – कोष:
(11) त्रिकाण्डकोष: - अमरकोषपरिशिष्ट:

अनेन ग्रन्थराशिना पुरुषोत्तमदेवस्य वैयाकरणत्वं प्रौढलेखकत्वञ्चाभिव्यज्यते ।बौद्ध: सन्नपि पाणिनीयव्याकरणमङ्गचकार्षीदिति महत्ताऽस्य व्याकरणस्य। पुरुषोत्तमदेवविरचिताया: भाषावृत्तेरुपरि व्याख्याद्वयं कालान्तरे व्यरचि –

१) **भाषावृत्तिपञ्जिका** विश्वरूपोपाध्यायविरचिता अपरा २) सृष्टिधराचार्यविरचिता **भाषावृत्यर्थविवृत्ति:।**

सृष्टिधराचार्यकृता भाषावृत्यर्थविवृत्ति: “तारा प्रेस्” वाराणासीद्वारा प्रकाशिता परं विश्वरूपोपाध्यायरचिता भाषावृत्तिपञ्जिका आधुनिकविदुषां कृतेऽपरिचिता । अस्मिन्पत्रे तस्मिन्नेव विषये चर्च्यते । व्याख्याया: अस्या: विषये प्राचीनग्रन्थेषु प्रमाणरूपमुद्धरणं समुपलभ्यते।

1) क्षीरतरङ्गिण्यां क्षीरस्वामिना उपाध्यायशब्देन विश्वरूपोपाध्यायमतं प्रत्यपीपदत्।
   1) कुर्द,गुर्द, गुद क्रीडायामेव- उपाध्यायास्तु गुदक्रीडायां पायु विहारे एव द्वौ धातू व्याख्यान्।
   2) अदड् अभियोगे – अड्डति। नन्द्रा द्विरुच्यन्ते – अड्डिडिषति, अदोपधत्वे अडिड्डिषति
   3) “दॄ”भये। दिवादौ दीर्यति इति पञ्जिका (धा.५४५)
2) भट्टोजिदीक्षित: प्रौढमनोरमायां विश्वरूपस्य सम्मतिं प्रादर्शयत्- “एवं विश्वरूपमुकुन्दादय:” इति।
   “बह्व्य: श्रेयस्यो यस्य तद् बहुश्रेयसी कुलम्, अत्र नंपुसकह्रस्वत्वं न ई बहुव्रीहेर्न” इति ह्रस्वमात्रस्य प्रतिषेधादिति “श्रीपति-पुरुषोत्तम-विश्वरूपादय:” (अजन्तनंपुसके बहुश्रेयसीशब्द:)

   अनेन प्रकारेण प्राचीनवैयाकरणेषु परिचितोऽयं ग्रन्थ:,अर्वाचीनानामपरिचित: अत: परिचित्यर्थं प्राकाश्यन्नीयतेऽत्र।

**विश्वरूपोपाध्याय: -**

भाषावृत्ते: व्याख्याता आचार्यविश्वरूपोपाध्याय: “भाषावृत्तिपञ्जिका” नाम्नीं व्याख्यां व्याख्यात्। अस्य पाण्डित्यं व्याकरणविषयकमाश्चर्यकरं विद्यते परं शैली अत्यन्त: सरल: विद्यते। असौ चाचार्य: विनीत: स्पष्टवादी च बभूव ।दर्शनशास्त्रस्याप्यसौ प्रबुद्ध: विद्वानासीत् ।प्रसिद्ध: धर्मशास्त्रीयाचार्य: म.म. वाचस्पतिमिश्र: अस्य धर्मसम्बन्धिन्यनेकानि वचनानि उद्जहार । विश्वरूप: मैथिल: विद्वानासीत्। अस्यैव वंशज: सर्वतन्त्रस्वतन्त्र: बच्चा (धर्मदत्त)झा अभूत्।अस्य वंश: सदैव विशिष्टविद्वद्भिरलङ्कृत:। अस्य वंशस्य पूर्णं विवरणं मिथिलाया: “पञ्जीप्रबन्ध”२ग्रन्थात् समुपलभ्यते ।पञ्जीकारश्रीहरिचन्दनझामहोदयानुसारममीषां वंशक्रम: इत्थंकारं विद्यते –
गंगौरा इत्याख्ये ग्रामे गङ्गाधरउपाध्याय: उवास। पुत्रपौत्रादिपरम्परेत्थम्—
वीर:-देवधर:-म.म. विश्वरूप:- देवरूप:- मधुकर:- सर्वदत्त:- लक्ष्मीदत्त:- वरदत्त:- सोमदत्त: - डालु-सूरे-सोरे- काशीनाथ: - प्रीतिनाथ: - पतिनाथ: - अभिराम: - रघुनाथ: - जीवेश्वर: - म.म. “बबुरैआ” इति प्रसिद्ध: रत्नपाणि: - बाबुलाल: - म.म. बच्चाझा (धर्मदत्त:) – जगदीशझा: – रतीशझा: – प्रमोदझा:।
विश्वरूपस्य पितामह: गङ्गाधरउपाध्याय: मिथिलेशनान्यदेवसकाशात् गंगौरा ग्राममवाप्नोत् ।विश्वरूपोऽप्यस्मिन् ग्रामेऽवसत् ।ग्रामोऽयं शिक्षाकेन्द्ररूपेण प्रथते स्म ।साम्प्रतं गंगौली नाम्ना प्रसिद्ध: ग्रामोऽयम्। अस्मिन्नेव ग्रामे स्मृतिसारस्य रचयिता हरिनाथोपाध्याय:, चन्द्रालोककार: पीयूषवर्षी जयदेव:. तत्त्वचिन्तामणिकार: गङ्गेशोपाध्याय:,आलोकव्याख्याकार: पक्षधरमिश्र:,म.म. शङ्करमिश्र:, म.म.वाचस्पतिमिश्र:,म.म. गोविन्दठक्कुर:,३ म.म. मधुसूदनठक्कुर:, म.म. देवनाथठक्कुर:, इत्यादय: विद्वांस: अध्यापयामासु:।

विश्वरूपस्य वंशज: कालान्तरे अन्यत्र अयासिषु: । सप्तदश: वंशज: “जीवेश्वरझा:” “नवानी” इति ग्रामे अतिष्ठिपत् यत्र साम्प्रतमप्यस्य वंशजा: विद्यन्ते । महामहोपाध्याय: रत्नमणिझा: न्यायसाहित्यव्याकरणधर्मशास्त्राणां निष्णातो बभूव। एतेषां पुत्रोऽपि नैयायिक आसीत्। सम्प्रति बच्चाझामहोदयस्य पुत्र: रतीशझा मिथिलायां प्रसिद्ध: नैयायिक इति मन्यते । अनेन प्रकारेण आचार्यविश्वरूपस्य वंश: विद्यावैभवसम्पन्न आसीत् अस्ति च। विश्वरूप: मैथिलपरम्परानुसारेण पञ्चदेवोपासक: स्मार्त्तब्राह्मणो बभूव ।“ भाषावृत्ति:” यद्यपि बौद्धरचिता तथापि तस्या: व्याख्यानमनेनाकारीत्यत्र छात्रोपयोगित्वं विद्वदुपयोगित्वञ्च कारणम्।

२.वंशानुक्रमवर्णनं मिथिलायां विशेषरूपेण व्यवस्थापितं तदेवं “पञ्जीप्रबन्ध:” इत्युच्यते।

३.गंगौलीग्रामे अद्यापि “सातों डीह” नाम्ना एतेषां सप्तानां पुत्राणां निवासस्थानं स्मर्यते।

विश्वरूपस्य नाम्नी त्रय: ग्रन्था: प्रसिद्धा:-

1) बालक्रीडा४ – याज्ञवल्क्यस्मृते: व्याख्या
2) विश्वरूपनिबन्ध: - कारिकात्मक: धर्मशास्त्रीय: ग्रन्थ:।
3) भाषावृत्तिपञ्जिका – अष्टाध्यय्या: उपटीका।

यद्यपि विश्वरूपनिबन्ध: धर्मशास्त्रीयग्रन्थ: याज्ञवल्क्यस्मृत्यवलम्बित: तथापि मिताक्षरायामस्योल्लेखत्वात् अर्वाचीनोऽयं ग्रन्थ: । परवर्त्तिन: मैथिला: निबन्धकारा: सादरमग्रहीषु: ग्रन्थममुम् । चण्डेश्वरठक्कुर-विद्यापतिठक्कुर-वाचस्पतिमिश्रादिभि: चर्चितत्वात् अस्य काल: १३०० ई. इति मन्यते। दौर्भाग्यात् अयं ग्रन्थ: साम्प्रतं नोपलभ्यते। यदि प्राप्येत तर्हि तदाधारेण कालं दृढीकर्त्तुं शक्यते । एवं स्थितौ विश्वरूपनिबन्धस्य भाषावृत्तिपञ्जिकायाश्च समानकाल इत्यनुमीयते । अत: द्वयो: भिन्नरचयितारौ इति कथने नास्त्यौचित्यम् । पी.वी.काणेमहोदयोऽपि विश्वरूपनिबन्धं बालक्रीडाया: परवर्त्तिकालिक: इति मनुते।

**विश्वरूपनिबन्धस्योद्धरणम् –**

कृत्यहार्णवे म.म.वाचस्पतिमिश्र: विश्वरूपस्य कतिपयानि वचनानि उल्लिलेख।

५अष्टमीरात्रौ बलिदानं विश्वरूपनिबन्धे—

ततो रात्र्यपरे भागे माहिषम् तत्र दापयेत्।
पञ्चाब्दं लक्षणोपेतमजमेकं तथैव च॥
महाष्टम्याश्विने मासि शुक्ला कल्याणकारिणी।
सप्तम्यापि युता कार्या मूलेन तु विशेषत:॥
महाष्टम्यां भगवती भद्रायामपि पूजिता।
ददाति चायुरारोग्यं यतो भद्रास्वरूपिणी॥
कुलं पुत्रं धनं धान्यं दीर्घमायुस्तथैव च।
प्रथमा चाष्टमी पूज्या य: काङ्क्षति सदा शुभम्॥
आश्वयुज्यष्टमी यत्र पूज्या नवममिश्रिता।

दुर्भिक्षं तत्र जानीयाद् दशवर्षाणि पञ्च च ॥

४.त्रिवेन्द्रं संस्कृत सीरिज् गणपतिशास्त्रिसम्पादितम्।

५. कृत्यमहार्णवे,आश्विनकृत्यप्रकरणे पृ.९४

दैवी निवेश्यते यत्र नवम्यां तु नराधिप।
राहुपीडा भवेत्तत्र कुलप्राणापहारिणी ॥
दशम्यां दीयते यत्र बलिदानञ्च मानवैः।
तद्राष्ट्रं नाशमायाति नरकोपद्रवैः स्फुटम् ॥

**विश्वरूपः-**

दिवानक्तं परित्यज्य यत्र भद्रा न लभ्यते।
तत्र पूजा बुधैः कार्या लंघनीया न कर्हिचित् ॥

विशिष्टत्यागाशक्यत्वे स एवाह –

विष्टिं त्यक्त्वा महाष्टम्यां यः पूजां कुरुते मम।
तस्य पूजां न गृह्णामि तेनाहमपमानिता ॥
जम्भेन सप्तमीयुक्ता पूजिता च महाष्टमी।
इन्द्रेण निहतो जम्भस्तस्माद् दानवपुङ्गवः ॥
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन सप्तमीमिश्रिताष्टमी।
वर्जनीया हि मनुजैरात्मनः शुभकाङ्क्षिभिः ॥
सप्तमीशल्यसंयुक्तां मोहादज्ञानतोऽपि वा।
महाष्टमीं प्रकुर्वाणो नरकं प्रतिपद्यते ॥

उपर्युक्तविवरणेन स्पष्टं यद् “विश्वरूप” नाम्ना द्वौ आचार्यौ अभूताम् –

1) विश्वरूपः - याज्ञवल्क्यस्मृतेः व्याख्याकारः ९ई शताब्दी
2) विश्वरूपोपाध्यायः - भाषावृत्तिपञ्जिकायाः, विश्वरूपनिबन्धस्य रचयिता १३ई शताब्दी।

काणेमहोदयः प्रथमविश्वरूपस्य विषये विवृतवान्,परमत्र विवेच्यविषयः विश्वरूपद्वितीयः।

**विश्वरूपोपाध्यायस्य ग्रन्थाः--**

विश्वरूपोपाध्यायस्य द्वौ ग्रन्थौ इति पूर्वमेव प्रतिज्ञातं तद् सम्प्रति विव्रियते –

1) विश्वरूपनिबन्धः - अस्य हस्तलेखः साम्प्रतं न लभते। परं कतिपयान्युदाहरणानि तत्र तत्र समुपलभ्यन्ते। चण्डेश्वरठक्कुरविद्यापतिठक्कुरवाचस्पतिमिश्राश्च समचर्चयन्। एतैः उद्धरणैः ज्ञायते यदयं श्लोकात्मकः ग्रन्थः।
2) भाषावृत्तिपञ्जिका – पुरुषोत्तमदेवकृता भाषावृत्तिः (अष्टाध्यायीव्याख्या),तस्याः एव विवरणं भाषावृत्तिपञ्जिका।

अस्याः चत्वारः हस्तलेखाः समुपलभ्यन्ते-

1) भाषावृत्तिपञ्जिका – तालपत्त्रं- पत्त्रसंख्या- १२९,मिथिलाक्षरम्,मिथिलासंस्कृतशोधसंस्थानम्,दरभंगा
   लिपिकाल:- १६४९ई. ग्रन्थसंख्या- ३२१२ पूर्वार्धमात्रम्।
2) भाषावृत्तिपञ्जिका – तालपत्त्रं- संख्या- ११ बङ्गलाक्षरम्-एशियाटिक् सोसायटी कोलकता,ग्रन्थाङ्क:- ४२५० खण्डिता।
3) भाषावृत्तिपञ्जिका—तालपत्त्रजीर्णा, पत्त्रसंख्या-५७ मिथिलाक्षरम्,समय: -१४५० ई. कामेश्वरसिंहसंस्कृतविश्वविद्यालय:,दरभंगा। हस्तलिखितग्रन्थ: सं २०१४ खण्डित:।

**निष्कर्ष:** - साम्प्रतं ग्रन्थोऽयं मिथिलासंस्कृतविद्यापीठेन (दरभंगा) प्रकाशित:। सम्पादकाश्च प्रो. शशिनाथझामहोदया: स्नातकोत्तरव्याकरणविभाग:, कामेश्वरसिंहदरभंगासंस्कृत-विश्वविद्यालय: बहु परिश्रम्य ग्रन्थरत्नममुं लोकलोचनगोचरतामकार्षु: । तदधुना बहुलतया प्रसारणीय: प्रचारणीश्चेत्यलं पल्लवितेन।

**सन्दर्भग्रन्थ:-**

1. "भाषावृत्तिपञ्जिका" सम्पादक:- प्रो.शशिनाथ झा ,मिथिलासंस्कृतविद्यापीठप्रधानेन डा.कृष्णकान्तत्रिवेदिना प्रकाशिता – 2001।

# किन्नर साहित्य: लोकसाहित्य के विशेष संदर्भ में

डॉ.रूपाली सारये

**शोधपत्र सारांश -** किन्नरों की उत्पत्ति के विषय में विचार चर्चा करते हैं तो लोकमत प्रचलित है कि जब शिव और माता पार्वती ने एकाकार होकर अर्धनारीश्वर का रूप धारण किया तो उसी परंपरा में चलकर उनके अनुयाई स्त्री और पुरुष अर्धनारीश्वर के रूप में इन हिजड़ों की उत्पत्ति हुई देखा जाए तो हिजड़ों के समुदाय में शिव और पार्वती की पूजा अनिवार्य कही गई है वह स्वयं को शिव और पार्वती के अर्धनारीश्वर रूप का ही अवतार मानते हैं।"किन्नर हिमालय के क्षेत्रों में बसने वाली एक मनुष्य जाति का नाम है, जिसके प्रधान केंद्र हिमवत् और हेमकूट थे। वर्तमान में किन्नर हिमालय में आधुनिक कन्नोर प्रदेश के पहाड़ी लोगों को कहा जाता है, जिनकी भाषा कन्नौरी, गलचा, लाहौली आदि बोलियों के परिवार की है। आजकल हिजड़ों के लिए भी किन्नर शब्द का प्रयोग किया है, लेकिन ये जाति आलौकिक और जादुई थी। प्रस्तुत शोधपत्र में इसका विस्तार से उल्लेख किया गया है।

**कूट शब्द -** किन्नर, शिव और माता पार्वती, अर्धनारीश्वर, हिमालय, हिमवत्, हेमकूट,कन्नौरी, गलचा, लाहौली।

---

प्राचीन काल से वर्तमान साहित्य के अनेक संदर्भ में किन्नर शब्द का प्रयोग मिलता है। हर संदर्भ में किन्नर शब्द के पृथक- पृथक अर्थ प्राप्त होते हैं। जम्मू दीप के भाग-1 में किन्नर शब्द के पर्यायवाची शब्द किंपुरुष का संदर्भ मिलता है - "भारतं प्रथमं वर्ष ततः किंपुरुष स्मृतम् ।"1 किन्नरेश शब्द 'धन के राजा' कुबेर का एक विशेषण कहा गया है।कुबेर शब्द के 'कु'अक्षर का अर्थ संस्कृत में 'बुरा' कहा गया है जैसे कुमाता, कुपुत्र ,कुमार्ग आदि शब्दों में स्पष्ट परिलक्षित होता है। दूसरे शब्द किम्-नरेश अथवा' किन्नर+ईश'पुराणों अर्थात् बुराई का राजा अथवा धन का देवता कहा गया है पूर्व में हिमाचल में बसने वाले किन्नौर देश के निवासी किसी विशिष्ट समुदाय को भी किन्नर कहा गया है। वेबदुनिया के एक लेख प्राचीन काल की अलौकिक जातियों का रहस्य में कहा गया है-

"किन्नर हिमालय के क्षेत्रों में बसने वाली एक मनुष्य जाति का नाम है, जिसके प्रधान केंद्र हिमवत् और हेमकूट थे। वर्तमान में किन्नर हिमालय में आधुनिक कन्नोर प्रदेश के पहाड़ी लोगों को कहा जाता है, जिनकी भाषा कन्नौरी, गलचा, लाहौली आदि बोलियों के परिवार की है। आजकल हिजड़ों के लिए भी किन्नर शब्द का प्रयोग किया है, लेकिन ये जाति आलौकिक और जादुई थी। पौराणिक ग्रन्थों, वेदों-पुराणों और साहित्य तक में किन्नर हिमालय क्षेत्र में बसने वाली अति प्रतिष्ठित व महत्वपूर्ण आदिम जाति है जिसके वंशज वर्तमान जनजातीय जिला किन्नौर के निवासी माने जाते हैं। संविधान में भी इन्हें किन्नौरा और किन्नर से संबोधित किया गया है। महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने किन्नौर जिसे वे प्रमाण के साथ प्राचीन 'किन्नर देश' मानते हैं, इस क्षेत्र की अनेक यात्राएं की हैं और कई पुस्तकें लिखी हैं। किन्नर देश और किन्नर जाति का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व समझने के लिए उनकी बहुचर्चित पुस्तकें 'किन्नर देश' और 'हिमाचल' है। उनके अनुसार 'यह किन्नर देश है। महाभारत के दिग्विजय पर्व में अर्जुन का किन्नरों के देश में जाने का वर्णन आता है। एक शाप के चलते अर्जुन को किन्नर बनना पड़ा था।"2

स्पष्ट है कि किन्नर शब्द का प्रयोग अलग-अलग शब्द रूप से किया गया है परंतु कालांतर में इस शब्द का प्रयोग परिवर्तित हो गया इस विषय में मिलते संदर्भों के अनुसार सृजन सरोकार अपने लेख संस्कृति किन्नर में कहते हैं-

"किन्नर शब्द का प्रयोग किन्नर की नवरा जनजाति की अस्मिता पर संकट है किसी भी प्राचीन धार्मिक ग्रंथ वेद पुराण उपनिषद शब्दकोश साहित्यिक कृतियों में किन्नर शब्द थर्ड जेंडर के लिए इस्तेमाल नहीं हुआ है।"3

अतः स्पष्ट है कि किन्नर शब्द का अर्थ प्रयोग प्राचीन काल में भिन्न रूप में होता था तथा कालांतर में हिजड़ों के लिए यह शब्द रूढ़ हो गया परंतु जहां तक देखा जाए तो वर्तमान में किन्नर शब्द का प्रयोग स्वयं हिजड़े भी वर्जित मानते हैं।

यदि हम किन्नरों की उत्पत्ति के विषय में विचार चर्चा करते हैं तो लोकमत प्रचलित है कि जब शिव और माता पार्वती ने एकाकार होकर अर्धनारीश्वर का रूप धारण किया तो उसी परंपरा में चलकर उनके अनुयाई स्त्री और पुरुष अर्धनारीश्वर के रूप में इन हिजड़ों की उत्पत्ति हुई देखा जाए तो हिजड़ों के समुदाय में शिव और पार्वती की पूजा अनिवार्य कही गई है वह स्वयं को शिव और पार्वती के अर्धनारीश्वर रूप का ही अवतार मानते हैं।

एक अन्य लोक कथा में कहा गया है" राजा प्रजापति के यहां इल नाम का पुत्र उत्पन्न हुआ जो बड़ा ही प्रतापी व दयालु राजा बना। राजा इल शिकार को बहुत पसंद करते थे।एक बार जब शिकार करने गए तो बहुत दिनों का पड़ाव उन्होंने किया घूमते घूमते जंगल के बहुत अंदर तक वह चले गए। संयोगवश उसी समय उसी स्थान पर माता पार्वती और भगवान शिव विचरण कर रहे थे परंतु

भगवान शिव ने माता पार्वती को प्रसन्न करने के लिए स्त्री का रूप को धारण किया हुआ था और जब भगवान शिव ने स्त्री का रूप धारण किया तो उस स्थान के उस जंगल के हर चर -अचर ,जड़ -चेतन ,पशु-पक्षी, पेड़-पौधे ने भी स्त्री रूप धारण कर लिया।

ऐसे समय में जब राजा इनका उस स्थान का संपर्क हुआ। तो वह भी स्त्री बन गए जब उन्होंने स्वयं को देखा तो बहुत दुखी हुए। दुखी होने पर उन्होंने भगवान शिव की आराधना की और उनसे माफी मांग कर पुनः पुरुषत्व प्राप्त करने की इच्छा की परंतु प्रभु शिव ने उन्हें मना कर दिया। ऐसे में राजा इन ने माता पार्वती की आराधना की और उन्हें प्रसन्न करके पुरुषत्व का वरदान मांगा माता पार्वती ने राजा इनको कहा कि जो तुम मांग रहे हो वहां मैं जैसा वरदान तुम चाहते हो उसके दाता तो भगवान शिव है मैं सिर्फ आधा भाग ही दे पाऊंगी।

तुम सोच कर बताओ कि तुम अपना जीवन आधा स्त्री और आधे पुरुष रूप में व्यतीत कर सकते हो इसी के साथ जब तुम पुरुष रूप में रहोगे तो तुम अपना स्त्री रूप याद नहीं रख पाओगे और जब स्त्री रूप में रहोगे तो पुरुष पुरुष को याद नहीं कर पाओगे राजा इस बात के लिए तैयार हो गए परंतु उनके साथी सैनिक स्त्री रूप में ही रह गए।"4

इस तरह किन्नरों की उत्पत्ति के प्रणाम लोक साहित्य में प्राप्त होते हैं एक अन्य लोक कथा में किन्नरों के बारे में बताया गया है मालवा राजस्थान के क्षेत्र में लोक देवता जूण कुवंर का नाम बहुत प्रसिद्ध है। एक बार जब एक किन्नर जूण कुवंर की महिमा को सुनकर उनके मेले में गया और उनके स्थान या देवरे पर जाकर संतान उत्पत्ति की मन्नत मांगी तो जूण कुवंर जी ने प्रसन्न होकर उसको संतान प्राप्ति का आशीर्वाद दिया।किन्नर खुशी-खुशी अपने घर आया और सबको यह बात उसने सुनाई।कुछ समय बाद उसे एक संतान की प्राप्ति हुई।इस महिमा को सुनकर एक दूसरा किन्नर उनके देवरे गया और उसने भी संतान उत्पत्ति की इच्छा जाहिर की उस समय जूणकुवंर ने प्रकट होकर कहा कि कि तुम्हें संतान की उत्पत्ति नहीं हो सकती।इस पर किन्नर बहुत नाराज हुआ उसने कहा कि आपने एक अन्य किन्नर को तो संतान उत्पत्ति का वरदान दिया है तो मुझे क्यों नहीं ?

तब जूण कुंवर जी ने उनको समझाया कि किन्नरों में भी दो प्रकार होते हैं एक किन्नर जो होता है उसमें मादा के गुण अधिक होते हैं और दूसरे के नर में पुरुष के गुण इस तरह से जो किन्नर पहले वरदान पा रहा था उसमें मादा के गुण अधिक थे और इसलिए वह संतान की उत्पत्ति कर सकता था परंतु तुम्हारे अंदर पुरुष के गुण अधिक है और तुम संतानोत्पत्ति के योग्य नहीं हो इसलिए मैं वरदान दे नहीं दे सकता।"5

इस तरह अलग-अलग संदर्भों में लोक साहित्य अन्य साहित्य में किन्नरों की कई कथाएं गाथाएं गाथाओं के संदर्भ प्राप्त होते रहते हैं समाज में किन्नरों को कहीं-कहीं बहुत सम्मान प्राप्त होता है इनकी दुआओं के लिए लोग इन को दान पुण्य करते हैं वही कहीं-कहीं इनकी भिक्षावृत्ति और

वेश्यावृत्ति जैसी घटनाओं को सुनकर इन से पीछा छुड़ाना चाहते हैं। ऐसे अनेकों संदर्भों को समझना शेष है । किन्नर साहित्य बड़ा वृहद है और चिंतन योग्य है जिस तरह वर्तमान साहित्य में आज हम अनेकों उपन्यास व चर्चाएं हो रही है अतएव हम जब किन्नर साहित्य के ऊपर देखते हैं तो पाते हैं कि एक वर्ग ऐसा भी है सामाजिक संवेदना और से अछूता रह गया है जिन्हें बहुत प्रेम की और अपनेपन की आवश्यकता है बहुत सहारे की आवश्यकता है जिस वर्ग को हमारे साहित्य समाज ने भी बहुत देर बाद जाना आज आवश्यकता है एक वैचारिक पृष्ठभूमि की के इनके विषय में बात की जाए और इनकी उन्नति के विषय में बात की जाए उनकी संवेदनाओं के बारे में बात की जाए ।अतः हम अपने साहित्य के द्वारा निरंतर प्रयास करते रहेंगे कि एक वर्ग विशेष को हम कहीं से भी अपने आपको अछूता महसूस ना करने दे ।

संदर्भ ग्रंथ सूचीः-

1. विष्णु पुराण जंबूदीप भाग 1
2. वेबदुनिया :प्राचीन काल के अलौकिक जातियों का रहस्यपृ.2
3. एसआर हरनौट:सृजन सरोकार संस्कृति किन्नर, 1 जुलाई 2018
4. अदिति शर्मा से प्राप्त
5. पूरन सहगल: लोक देवता जूणकुवंर,मनासा प्रकाशन, पृ.36

# बुंदेली लोक गीतों में राम

**डॉ रमा आर्य**[1]

**शोधपत्र सारांश -**

भारत का हृदय स्थल बुंदेलखंड जहां कई संस्कृतियों आकर मिलती हैं या कहें कि संस्कृति जहां से शुरू होकर संपूर्ण भारत में फैलती है वह स्थान है बुंदेलखंड यहां की संस्कृति यहां कल लोक साहित्य यहां का सांस्कृतिक वैभव सरलता से किसी का भी मन अपनी और आकर्षित कर ही लेता है यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि बुंदेलखंड का लोक साहित्य संपूर्ण भारत में अत्यधिक समृद्ध है। किसी भी समाज का प्रतिबिंब हम वहां की लोक संस्कृति में व्याप्तम लोकगीतों के माध्यम से समझ सकते हैं। लोकगीतों में लोक संस्कृति अपने मूल स्वरूप में चित्रित होती है या कहीं लोक जीवन का सीधा साधा परिचय लोकगीतों के माध्यम से मिल जाता है यह लोकगीत व्यक्ति की भावनाओं आस्था विचार दर्शन जीवन शैली सब कुछ व्यक्त कर देते हैं। बुंदेलखंड की लोक आस्था का एक मजबूत आधार है भगवान श्री राम। इस भक्ति सागर केंद्र ओरछा है जिसके आसपास राम भक्ति सागर के लोकगीतों में हेलोरे ले रहा है यहां के जन-जन के रगों में श्री राम बसा करते हैं दूर- दूर से लोग ओरछा आते हैं रात भर अपने लोकगीतों के माध्यम से राम जी को ले जाते हैं और सुबह प्रात बेरछा जी (नदी)में स्नान कर राम जी के दर्शन कर पुख़्य(पुष्य) नक्षत्र को केंद्र मान कर अपना जीवन सुखद बना लेते हैं। यहां के लोकगीतों में राम विभिन्न रूपों में दर्शनीय है।

**मुख्य शब्द -** बुंदेली लोकगीत, संस्कृति, सभ्यता, परंपरा, श्री राम, लोकजीवन, लोक मान्यताएँ, व्यवहार एवं आचार।

---

**प्रस्तावना -**

बुंदेलखंड ऐतिहासिक, साहित्य, सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है बुंदेलखंड में सुविधाओं में भी एकता देखने को सहज ही प्राप्त होती है। बुंदेलखंड की लोक संस्कृति सभी लोक संस्कृतियों से समृद्ध प्रतीत होती है। यहां का लोक साहित्य इतना समृद्ध है कि भारत के

[1] सहायक प्राध्यापक (हिन्दी), श्री पीतांबरा पीठ संस्कृत महाविद्यालय, दतिया (मध्य प्रदेश)।

अन्यत्र किसी क्षेत्र का साहित्य इतना समृद्ध और प्रसिद्ध नहीं हुआ। यहां लोकगीत , लोक कथा, लोक गाथा , पहेलियां इत्यादि अत्यंत सहजता से देखने को मिलती हैं। लोक जीवन के सुख-दुख उल्लास हर्ष विषाद संघर्ष को अभिव्यक्त करने के लिए लोकगीत सर्वश्रेष्ठ माध्यम प्रतीत होते हैं। यह लोकगीत जनजीवन में इतना रच बस गए हैं की यह सामान्य जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। इन लोकगीतों के द्वारा ही बुंदेली संस्कृति को समझा जा सकता है यह भी कह सकते हैं कि इन लोकगीतों के दर्पण से संस्कृति का प्रतिबिंब देखा जा सकता है। असल में लोक संस्कृति ही लोकगीतों की कहानी है और इन कहानियों में जनसामान्य का जीवन मानसिक उद्वेग, विचार, अभिव्यक्ति, व्यंजना, संस्कार, संस्कृति सब कुछ सूक्ष्मता से समाहित हैं। यह लोकगीत संक्षिप्त सरल स्पष्ट स्वभाव एक सुंदर संगीत में होते हैं। बुंदेलखंड में प्रचलित लोकगीत बुंदेली जिनके संस्कार, आचार-विचार, उत्सव, अध्यात्मिक, दर्शन इत्यादि का तो परिचय देते हैं साथ ही इन के माध्यम से सामाजिक जीवन शैली का भी साक्षात्कार होता है। इन लोकगीतों का स्वस्थ भाव प्रवणता लालित्य दर्शनीय है।

बुंदेलखंड का केंद्र झांसी से 17 किलोमीटर दूर ओरछा मध्य प्रदेश के निमाड़ी जिले में आता है। यहां प्रभु श्री राम राजा के रूप में विराजमान हैं। प्रभु श्री राम की भक्ति यहां के लोगों की रगों में बसी हुई है।दूर-दूर से लोग पुरव्य नक्षत्र पर (ज्योतिषीय गणना में पड़ने वाला एक विशेष नक्षत्र) यहां आते हैं अपने राजा राम की प्रांगण में पूरी रात गीतों के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त कर अपनी धार्मिक आस्थाओं की पूर्ति करते हैं। उनका प्रयास रहता है कि श्रीराम किसी प्रकार एक नजर उन पर डाल दें। यहां राम जी लोकगीतों में उसी प्रकार समाहित हैं जैसे ब्रज में श्री कृष्ण। राम यहां विभिन्न रूपों में व्याप्त है। बुंदेलखंड वह स्थान है जहां श्री राम अपने भक्तों की भावना से विभोर होकर अवध से ओरछा पधारे। कहा जाता है कि ओरछा की महारानी कुंवर गणेशी श्रीराम के अनन्य भक्त थीं और उन्हीं की भक्ति व प्रेम पर रीझ कर या कहें अपने इस भक्त के हट से विवश होकर श्री राम को ओरछा धाम आना पड़ा। भगवान श्री राम रानी कुंवर गणेशी जी के निवास महल ओरछा में विराजमान हुए और इस तरह बुंदेलखंड के क्षेत्र में श्री राम राजा के रूप में यहां विराजमान हुए एक लोकगीत के अनुसार-

**राजा मधुकर शाह की रानी कुंवर गणेश।**
**अवधपुरी से ओरछा लाई अवध नरेश॥**

आज भी यहां की धरती से राम जी के जन्म उत्सव पर उठने वाली बधाइयां हर घर में गाई जाती हैं क्योंकि जब घर में बालक होता है तो वह यहां रामजी का स्वरूप ही होता है और माताएं गांव उठते हैं -

**कोसल्ला ले लो बधाई**
**अवध में लल्ला भये**
**हिल मिल गा दो बधाई**
**अवध में लल्ला भये.....**

एक भक्तों के द्वारा श्री राम के प्रांगण में लोगों से आवाहन किया जा रहा है कि वे रामचंद्र से यारी करने एक लोकगीत का आनंदमयी अंदाज

**रामचंद्र से यारी कर लो**
**रामचंद्र से यारी**
**जिने भजे नर नारी**
**कर लो रामचंद्र से यारी.....**
**झूठे बेर शबरी के खाए**
**रस्ता ताकि बेचारी.....**
**कर लो रामचंद्र से यारी....**
**रामचंद्र से यारी........**
**तुलसीदास भजो रे भगवान**
**तो आ गई विपदा टारी...**
**कर लो रामचंद्र से यारी.....**

ईश्वर की कृपा से महाराज दशरथ को एक साथ चार पुत्रों की प्राप्ति हुई। राजपरिवार सहित पूरी अयोध्या हर्षातिरेक में डूबी हुई हैं। तो उसने उत्तर दिया खवासन ( नाइन ) बंदनवार ले जा रही हैं। लोगों ने जिज्ञासावश पूछा -

**जो बंदनवारों कहां लयें जाती , जो बंदनवारों...... ।**

**नगर अयोध्या में सुत भये सजनी , राजा महीपतके नाती।**

**राजा दशरथ के पुत्रा भये हैं रघुकूल जोत उजयार दई बाती।**

**उजयार दई बाती , उजयार दई बाती। जो बंदनवारों ... ..**

**रानी कौशल्या की कूँख जुड़ानी " सब सखियन की शीतल भई छाती।**

**नगर अयोध्या में दान भयें हैं लै लै दान मगन भई सखियाँ।**

**मगन भई सखियाँ, मगन भई सखियाँ जो बंदनबारों कहाँ लये जाती।**

दाई नारा छीनने के पूर्व नेग माँगती हैं। कोई हार दे रही है, कोई तिलरी और कोई मोतियों का थार। परंतु वह तो प्रभु शिशु का दर्शन करना चाहती हैं। यहाँ के लोकगीतों मधुरता का ऐसा समरस चित्र अंकित हुआ है जिससे समझ आता है कि यहां की संस्कृति कितनी समृद्धि और मधुर है।

एक अन्य गीत के द्वारा रानी मैत्रेयी के द्वारा दशरथ जी से दो वरदान मांगने की पूरी कथा वर्णित है। राजा दशरथ अपनी रानी को मनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं पर रानी मैत्रेयी कि जिद हैं कि राम को वनवास पर भेजना है। राजा दशरथ भरत को राजगद्दी देने के लिए तैयार हैं किंतु मैत्रेयी के द्वारा राम को वनवास देने की नहीं किंतु मैत्रेयी अपनी मनमानी कर रही है और वह नहीं मान रही -

राजा तो पौढ़े पलंग पै रानी मलें पीड़ौली' महाराज।

हँस - हँस पूछे राजा दशरथ कैसी धन- अनमनी महाराज।

भौतक ' तो कहिये राजा अन्न धन भौतक लक्ष्मी महाराज।

सूनो अयोध्या को राज अकेली संचत बिना महाराज।

तुम राजा जइयो बाजारै ' संचत भोल ल्याइयों महाराज।

तुम रानी मूरख अजान कहाँ लौं समझाइयें महाराज।

हाटों में हतियां बिकायें संचत नहीं पाइयों महाराज।

नगर को नौवा ' बुलाओं छुरा मँगाइयों महाराज।

चीरौ अभागिन को कूँख राजा गँवारिन कहै महाराज।

काशी के पंडित बुलवाइयों वेद बचवाइयों महाराज।

राजा जनम के गोगिया ग्यावन ' हिरनी मारियों महाराज।

सोने की हिरनी गढ़ुवाय रूपे के गबैलुवा " महाराज।

बन बन देव छुड़ाय संचत तब हुइयें महाराज।

तुम राजा जइयों पहारैं सजीवन ल्याइयों महाराज।

घिस लुड़िया " बँटवाइयों कटोरन छानियों महाराज।

पियो हैं बाँट - बडार तीनई रानी अधन 2 से महाराज भये हैं नों दस मास ललन चार हो गये महाराज।

बाजन लगी आनन्द बधैया सखी गावें सोहरें महाराज।

गौवा के गोबर मँगइयों अंगन लिपवाइयों महाराज।

गजमोतिन के चौक पुरा कलश धरवाइयों महाराज।

काशी के पंडित बुला वेद पढ़ वइयों महाराज।

बारा " बरस के हुइयें राम तब वन खाँ जइये महाराज।

इतनी तो सुन राजा दशरथ अटारियों चढ़ गयो।

महाराज पाहू से गई कौशिल्या पूछें कैसे राजा अनमने महाराज।

बारा बरस के हुई हैं राम वन खों जइहैं महाराज।

वन खो जैहैं तो जान दे फेर घर आहे महाराज।

मोरो मिट गओ बाँझ को नाँव तुम्हारों वंश चलो महाराज।

भगवान राम के जन्म पर दाई को देने के लिए महाराज दशरथ कौशल्या केकई सुमित्रा सभी उपहार लेकर खड़े हैं किंतु दाई को बाहर नहीं भगवान राम की चतुर्भुज रूप में दर्शन चाहिए इसी प्रसंग में एक लोकगीत -

**' कैसी मचल रई " दाई अवध में ,**

**कैसी मचल रई दाई।**

**सुरंग चूनरी कैकई लयें ठाड़ी , बई " न लैवे दाई।**

**सोने को हार कौशल्या लयें ठाड़ी , कूलों " मरोर गई दाई।**

**सोने की तिलरी सुमित्रा लयें ठाड़ी , मुखई " न बोले दाई।**

**मुतियन थार राजा लयें ठाड़ें , नजर न फेरे दाई।**

**नरा तुमारों जबई हम छीन दरसन दें रघुराई।**

**रूप चतुरभुज प्रभु दरसायों , खुशी भई तब दाई।**

**दरसन लै दाई घर खौ घर - घर होत बड़ाई।**

एक और लोक गीत जिसमें राम जी के होने पर दिन सोने के समान प्रकाशमान प्रतीत होता है डाई आकर राजा दशरथ को बधाई दे रही है और कह रही है कि आज दिन सोने का है महाराज जैसा कि हम सभी जानते हैं कि अयोध्या स्वर्णमई है और राम जी के जन्म उत्सव पर सोने के कलश का ही प्रयोग हो रहा है और राजा दशरथ प्रसन्न होकर भाइयों को स्वर्ण आभूषण ही भेंट कर रहे हैं -

**आज दिन सोने कौ महाराज।**

**राजा दशरथ के पुत्र भये हैं।**

**सोने के कलश धरा ये महाराज।**

**सोने के सब दिन सोने की सब रातें ,**

**सोने दिअल उजारे महाराज।**

**सुरा गऊ के गोबर मंगाये ढिकधर**

**आंगन लिपाये महाराज।**

**ननदी जू आइ सांतिया धराएँ**

**खुसियन नाँच दिखाये महाराज।**

शादी की रस्मों के गीत भी बुंदेली लोक भाषा की शान है। शादी किसी भी घर में हो रही है पर यह लोकगीत हर घर लिखी खुशियां बढ़ाने का कारण बनते हैं। भगवान राम की विवाह में तेल चढ़ाने की रस्म का एक सुंदर लोक गीत -

**'सो आज मोरे राम जू खों तेल चढत है।**

**तेल चढ़त है , फुलेल चढ़त है।**

**सोने कटोरा में तेल भरायो , सो हल्दी मिलाके कैसों झलकत है।**

**सो आज .....।**

**कुँवारिन ने मिल तेल चढ़ायों , सो नारीन मंगल गीत मढ़त है।**

**सौ आज मोरे राम जू खों लगुन चढ़त है।**

**लगुन चढ़त है आनन्द बढ़त है।**

**कानन कुंडल मोरे राम जू खों सो हैं।**

**सो गालन बिच मोतियन लर " सरकत हैं।**

**केसर खौर मोरे राम जू खों सोहैं।**

**सो गर बिच गोप " जंजीर लसत हैं।**

**कंकन चूरा मोरे राम जू खों सोहैं सों हातन * बिच गजरा दरसत हैं।**

**राम जू के दरशन खों जियरा तरसत हैं।**

**मों आज मोरे राम जू खों लगुन चढ़त हैं।**

**कै आज मोरे ......**

इस प्रकार जनक जी के यहां दुल्हन ( बन्नी ) बनी सीता जी की स्थिति देखिये। जब श्री राम बारात लेकर राजा जनक के द्वार पर पहुंचते हैं उस समय का सुंदर चित्र लोकगीतों के माध्यम से किया गया है।द्वारचार के समय यह गीत गाये जाने वाला यह लोकगीत जो मंडप इत्यादि के विषय का सुंदर उल्लेख कर रहा है -

**हरे बाँस मंडप छाये**

**सिया जू को राम ब्याहन आये।**

**जब सिया जू की लिखत लगुनिया , रकम - रकम कागज आये।**

**सिया जू को राम ब्याहन आये।**

**हरे बांस ..........**

**जब सिया जू को चढ़त चढ़ाओं, रकम रकम गहना आये।**

**सिया जू को राम ब्याहन आये।**

**हरे बाँस ..।**

**जब सिया जू की परत भांवरे ब्रह्मा पंडित बन आये।**

**सिया जू को .....**

**जब सिया की होत बिदा हैं सब सखियन आँसू आये।**

**सिया जू को राम ......**

**हरे बाँस मंडप छाये , सिया जू को राम ब्याहन आये।**

एक अन्य लोकगीत के माध्यम से विवाह का सुंदर चित्र अत्यंत मनभावन प्रतीत हो रहा है। इसमें मंडप की सुंदरता, बारातियों के द्वारा चढ़ावा, बांस का मंडप, मोती के चौक, सोने के कलश इत्यादि का मनोहर वर्णन है -

**एक समय मुनि जी जा कहैं मोरे रंजन भौंरा।**

**चलिये जनकपुर गाँव मंडप सियाराम के, मन रंन भौरा।**

**काहे के मंडप मोरे रंजन भौंरा।**

**काहे के दोई खंभ जनक - मंडप तरें मौरे रंजन भौंरा।**

**हरे बांस मंडप बने मोरे रंजन भौंरा।**

**मलयागिर के खंभ भौरे रंजना भौंरा।**

**सोहत सीताराम जनक मंडप तरैं मोरे रंजन भौंरा।**

**कारी घटा घनश्याम सिया है दामिनी मोरें रंजन भौंरा।**

(मंडप के नीचे चढ़ावा चढ़ाया जा रहा है अनगिनत अमूल्य रत्नों का ढेर , जिनकी गिनती नहीं की जा सकती हैं )

**चली है बारात मंडवा तरें आई अब चढ़ाव की भई तयारीं।**

**सुरहन गऊ के गोबर मँगाये ढिगधर आँगन लिपाये।**

**गजमुतियन के चौक पुराये, कंचन कलश उजियार धराये।**

**पाट पीताम्बर उल्लन - पल्लन " सोने रूपे को पार नौ " पाओ।**

**चढ़ो है चढ़ाव जनक सुख पाओ भली भांति कन्या पहिराओ।**

'ज्योनार' (जेवनार) गीत विवाह के समय गाए जाने वाले लोकगीतो में बुंदेली ज्योनार गीत अत्यंत प्रसिद्ध हैं। ज्योनार विवाह के समय खिलाए जाने भोजन की एक रस्म है जो आज हुई बुंदेली लोक में हर्ष के साथ मनाई जाती है। राम जी को सीता मैया की सखियां भोजन करा रही हैं। किसी सखी ने आलू ,किसी ने पूरी, किसी ने कचौड़ी, किसी ने लड्डू, तो ,किसी ने गुजिया और पेड़े परोसे हैं -

**मोरे राम से करो न ररियाँ" जनकपुर की सखियाँ**

**उनने आतर परसी सो पातर" परसी परस दई दुनियाँ।**

**जनकपुर ....**

**उनने रामरस परसो, मिर्चा परसो, परत दई अमियां।**

**जनकपुर ....**

**उनने आलू परसे, रतालू परसे, परस दई घुईयां।**

**जनकपुर ....**

**उनने पूड़ी परसी, कचौड़ी परसी, परस दई पुईयाँ।**

**जनकपुर ....**

**उनने लड्डू परसे, पेड़ा परसे, परस दई गुझियां।**

**जनकपुर ...**

उसी समय एक मजाक हो गया। परोसने वाले ने बाराती पर दोना गिरा दिये जिससे उसके कपड़े खराब हो गये -

**माड़े जो परसे झाबक झोला" भर गई पातर उलंग गये दौना।**

**खाँड़ जो परसी मुठी बगराई, ऊपर घी की धार लगाई।**

**मैली सी धोती फैर धुआरहो " गरय " से साजन फिर कहो**

**पाड़ों जेउँत - जेउँत बड़ी रुचि आई, बार - बार हरि करत बड़ाई।**

**कंकन खोलना -**

विवाह के पश्चात दूल्हे के द्वारा दुल्हन का कंगन खोला जाता है इस रस्म को बड़े हुए सुंदर ढंग से मनाया जाता है ये रस्में दूल्हा दुल्हन के साथ साथ परिवार के सभी सदस्य करीब ले आती हैं -

**जो नैं होवे धनुष को टोरबो , कठिन कंकन गाँठ छोरबों।**

**तुमने जनक पुरी पग धारे , शिव के धनुष टोर कै डारे।**

**जो न होवे मारीच को मारिवों।**

**कठिन कंकन को . जनकपुरी की नारी आखिर सारी¨ लगें तुम्हारी।**

**जिनको बिन हथयारन मारिबों कठिन कंकन ...**

**वे तो जनकपुरी की नारी हाँसी करें तुम्हारी।**

**अब तो सीखों सिया को जोरबों।**

**कठिन कंकन को छोरबो।**

**वन गमन गीत -**

जब भगवान राम को अपने पिता के वचन की रक्षा के लिए वन जाना होता है तो माता सीता और भाई लक्ष्मण जी राम जी के साथ यात्रा पर चल पड़ते हैं। वन की यात्रा की गाए जाने वाला एक बुंदेली लोकगीत जो उस समय की पति को मनोहरी ढंग से प्रकट करता है -

**कर घर तन को , चले सियाराम लखन बन को।**

**राम लखन बन को चले ,**

**रहा अवध में न कोय हो राम ..**

**नर - नारी व्याकुल होई रोवे , धीर धरे न कोय।**

**हो रामा .....।**

**खुशी भई कैकई मइया को चले सिया राम बन को।**

**राम लखन तपसी दूनो भइया साधु बने चले जाय मोरे लाल।**

**जांय . चलत - चलत साधु बागों में पहुंचे मालिन ने पूछी है बात मोरेलाल।**

**तनक तो छइयाँ बिलमालों मोरे साधू " गजरा पहर चले जावें मोरेलाल।**

**तुम्हरें छुयें गजरा ना पहिरें मालिन , साधु धरम घट जाय मोरेलाल।**

**'किलपें¨ अवधपुरी नर नारी , कोमल जनक दुलारी जूँ।**

जब माता सीता वन गमन के समय चलते चलते अपने लगते हैं तो माता लक्ष्मण से कहते हैं थोड़ा धीरे चलो -

**धीरे चलों मैं हारी लक्ष्मन , धीरे चलो मैं हारी।**

**एक तो हारी , दूजें सुकुमारी , तीजे मजल कीं मारी।**

**लक्ष्मण धीरे .....**

**सँकरी गलियाँ काँट - कटीलें , फाटत हैं तन सारी**

**लक्ष्मण धीरे ...**

**गैल " चलत मोय " प्यास लगत हैं , दूजे पवन प्रचारी।**

**धीरे चलों मैं हारी लक्ष्मन , धीरे चलो मैं हारी।**

**वट - पूजन गीत -**

**'नगर अजुध्या की गैल में इक महुआ इक आम।**

**जे तरैं " बैठे दो जने " इक लक्ष्मन दूजे राम।**

**लीली बछेरन "लक्ष्मन आइयो, रथ चढ़ " आओ श्रीराम।**

**सात संखिन के संग में बैठी सीता सपरन " जायें।**

**बीच मिले दोऊ पाहुँने सीता रही सकुचाय।**

**सपरखोर घर आई बारी सीता भौजी ने दये पलँग बिछाय।**

**टेरों " जनक जू के नौवा बारे लक्ष्मन को डेरा दुवाव।**

कौशल्या माता श्री राम जी के जनकपुरी से लौटने पर पूछती है कि बेटा तुम्हारे ससुराल कैसी है? वहां सब कैसा है? तुम्हारा आवभगत केसे की? और वहां के लोग कैसे हैं? राम जी बताते हैं कि ससुराल हमारी तीर्थ जैसी है। सास-ससुर  गंगा और यमुना की तरह है। रात को दूध की बयारी मेरी सास देती थीं और साले हमें घुड़सवारी कराने ले जाते थे। इस तरह राम जी अपने ससुराल की बढ़ाई अपनी माता से करते हैं -

**हँस - हँस पूछे मात कौशिल्या बेटा कैसी बनी ससुरार**

**सास हमारी गंगा जमना ससुर है तीरथ धाम।**

**सास हमारी अधिकपियारी देती है दूध बियारी।**

**सारे " हमारे घुड़ला फिरावे साराजें तपें रसोई।**

**जैसी मात मढ़ " भीतर लिखीं पुतरिया बैसी है बहु तुमार।**

**'नौ दस मास बेटा गरभ में राखें वरस दसक लौं सेये।**

**तीन दिना खों बेटा गये ससुरारे सौं जाय सिराही ससुराल।**

**'दुहाई खँचों पिता दशरथ की अब न जैहों ससुराल।**

**अपने राम जी सों रही 10 करत हों बेटा नित उठ जैंओं ससुरार।**

बुंदेलखंड में प्रचलित गारी के गीत इसमें हंसी मजाक के माध्यम से नोकझोंक का आनंद लिया जाता है इनके उदाहरण इस प्रकार हैं -

**चढ़ावे का लोकगीत ( गारी ) -**

**आज श्री सिया जू को चढ़त चढ़ाव।**
**हरे मण्डप के नीचे जू॥**
**धन्य धन्य दशरथ ने ऐसा समय पाव।**
**सेन्दुर की माँग शीश फूल पहिराव**
**हरे मण्डप ..........**
**तीन खाय घागरे में जरकसी भराव।**
**मुक्तन को सारी में झलक रयौ भाव**
**हरे मण्डप ..........**
**बिंदिया अजूब तिलक वेंदा छवि छाव।**
**कंचन के करण फूल साकरें सजाब**
**हरे मण्डप ..........**
**ठुसी बीच हीरन को जड़ौ है जड़ाव।**
**देखो सरमाला को उत्तम सजाब**
**हरे मण्डप ..........**
**नौ लखा सुहार हिय ऊपर लटकाव।**
**पांव पोस और दसऊ आंगरौ चढ़ाव**
**हरे मण्डप ..........**
**दास कहे देख - देख अधिक सुख पाव**
**हरे मण्डप ..........**

इस प्रकार जनकपुर की सखी श्रीराम से नौकझौंक कर रही हैं, यहाँ के लोकगीत की झाँकी देखिये। यह भी एक गारी गीत है -

**रघुवंशी सुने जइयो गारी, ओसर नोनो बनो॥**
**महाराजा को भोरे बनाय लये॥ ओसर नोनो ......**
**अलवेली अवध पति नारी॥ ओसर नोनो .॥**
**संगै लई ना सेज गये॥ ओसर नोनो॥**
**कैसे जाये ललनवा चारि॥ ओसर॥**
**गोरिन के कारे काय भयै॥ ओसर .॥**
**राजा झगरौ दियो निरबार॥ ओसर॥**
**कै गुन्डा गढी में कूद गये॥ ओसर॥**
**कै कामें बनायो मार॥ ओसर॥**
**अवलौ विनीत बड़ैहि रयै॥ ओसर .॥**
**मिथिला में भयो निरधार॥ ओसर नोनो बनो॥**

राम जी की भक्ति के द्वारा एक गीत किसके द्वारा राम जी के गुणों का बखान किया गया है जो राम जी की शरण में एक बार आ जाता है ईश्वरी के अनुसार उन्होंने सदैव अपने भक्तों की रक्षा की है और सभी कष्टों से उसे मुक्त किया है -

**जिनके रामचन्द्र रखवारे, को कर सकत दगारे।**
**बड़े भये प्रह्लाद पक्ष में, हिरना कुश को मारे।**
**राना जहर दऔं मीरा खों, प्रीतम प्रान समारे।**
**मसकी जाय ग्राह की गरदन, गह गजराज निकारे।**
**'ईसुर' प्रभु ने लाज बचाई , सिरपै गिरत हमारे।**

**निष्कर्ष** -

रामचंद्र जी के प्रति लोगों में व्याप्त प्रेम एवं समर्पण उनकी भक्ति का ही प्रतिबिंब है वहीं रामचंद्र जी उनके जीवन का दर्पण। राम जी पर आधारित बुंदेली लोकगीतों में हम साफ-साफ बुंदेली संस्कृति एवं परंपराओं का दर्शन कर सकते हैं अर्थात यह कहना अनुचित नहीं होगा कि इन बुंदेली लोकगीतों के द्वारा हम बुंदेलखंड की लोक संस्कृति को आसानी से समझ सकते हैं जो परंपरागत अभी स्वयं को संरक्षित किए हुए हैं। यह समझना कठिन है कि इन लोकगीत के कारण संस्कृति संरक्षित है अथवा संस्कृति का यह प्रवाह लोकगीत को संरक्षित किए हुए है। सरल शब्दों में कहा जाए तो लोकगीत ही किसी भी संस्कृति की सबसे सटीक परिचायक होते हैं। लोक साहित्य की दृष्टि से बुंदेली भाषा स्वयं अन्य संस्कृतियों के बजाय अधिक समृद्ध प्रतीत होती है। यहां के लोग गीतों से भी यही अभिव्यंजना होती है अर्थात यह कहना उचित होगा कि बुंदेली लोकगीतों के श्री राम बुंदेली संस्कृति में प्राण समान है जो यहां की संस्कृति और वैभव को स्वयं में समेटे हुए हैं।

**संदर्भ ग्रंथ -**


1. https://vimisahitya.wordpress.com/tag/bundeli/
2. बुंदेली भाषा साहित्य का इतिहास, डॉक्टर राम नारायण शर्मा, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. बुंदेली, आरती दुबे, साहित्य अकादमी, दिल्ली।
4. www.Bundelijalak.com
5. बुन्देली बिबिधा, डॉक्टर गंगा प्रसाद बरसेया, अयन प्रकाशन, नई दिल्ली।
6. बुंदेलखंड समग्र, संपादक हरि विष्णु अवस्थी, माधवराव सप्रे संग्रहालय एवं शोध संस्थान भोपाल।

# हिन्दी उपन्यासों में दिव्यांग विमर्श

- किसान गिरजाशंकर कुशवाहा 'कुशराज झाँसी'[1]

**शोधपत्र सारांश -**

हिन्दी उपन्यासों में दिव्यांग विमर्श की शुरूआत प्रेमचंद के रंगभूमि उपन्यास से सन 1924 में होती है। रंगभूमि का नायक सूरदास है, जोकि दिव्यांग है और काशी के पास में बसे पांडेपुर गाँव का रहने वाला है। ऐसा माना जाता है कि प्रेमचंद को उपन्यास में नायक सूरदास के सृजन की प्रेरणा गाँव के अंधे भिखारी से मिली थी। 21 वीं सदी में समकालीन विमर्श के परिदृश्य में दिव्यांग सशक्तिकरण के लिए हिन्दी साहित्य में एक नए विमर्श - 'विकलांग विमर्श' का प्रवर्तन समकालीन विमर्शों की धरती बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में साहित्यमनीषी, भाषाविद और आलोचक डॉ० विनय कुमार पाठक जी ने किया है। हिन्दी उपन्यासों में कथासम्राट प्रेमचंद के 'रंगभूमि' उपन्यास से लेकर समकालीन उपन्यास 'इनबॉक्स' में दिव्यांग - जीवन की मुखर अभिव्यक्ति हुई है। इन उपन्यासों ने दिव्यांगों के जीवन के विभिन्न पहलुओं, उनकी परिस्थितियों और उनके जीवन संघर्षों को बेबाकी से उठाया है इसलिए इन उपन्यासों की दिव्यांग - सशक्तिकरण की दशा और दिशा में उल्लेखनीय भूमिका है।

**कुँजी शब्द -**

दिव्यांग, दिव्यांग विमर्श, विकलांग विमर्श, दिव्यांग सशक्तिकरण, 21वीं सदी, समकालीन विमर्श, हिन्दी उपन्यास, रंगभूमि, अनामदास का पोथा, खंजन नयन, ज्यों मेहंदी के रंग, इनबॉक्स।

---

साहित्य समाज में चेतना लाने का बदलाओकारी माध्यम है। समाज में चेतना आने से उस वर्ग का विशेष सशक्तिकरण होता है, जिस वर्ग विशेष के संदर्भ में साहित्य रचा गया होता है। 21वीं सदी में स्त्री, दलित, आदिवासी, किसान और किन्नर पर विमर्श और उनके सशक्तिकरण के बाद

[1] परास्नातक छात्र - हिन्दी विभाग, बुंदेलखंड महाविद्यालय, झाँसी; बुन्देलखंडी युवा लेखक; सामाजिक कार्यकर्त्ता; पूर्व महासचिव - इक्वल अपॉर्च्युनिटी सेल, हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय।

आज के दौर में दिव्यांग सशक्तिकरण की चर्चा जोरों पर चल रही है। दिव्यांग सशक्तिकरण के लिए हिन्दी साहित्य में एक नए विमर्श - 'विकलांग विमर्श' का प्रवर्तन समकालीन विमर्शों की धरती बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में साहित्यमनीषी, भाषाविद और आलोचक डॉ० विनय कुमार पाठक जी ने किया है। डॉ० विनय कुमार पाठक जी दिव्यांग कथा साहित्य के उल्लेखनीय ग्रंथ 'कथा साहित्य में विकलांग विमर्श' की भूमिका में लिखते हैं -

"स्त्री, दलित और जनजातीय-विमर्श के बाद 21वीं सदी के प्रथम दशक की दस्तक के रूप में 'विकलांग-विमर्श' स्थापित हो रहा है जो शुभ - लक्षण का संकेत है। जाति और लिंग से रहित शुद्ध मानवतावादी दृष्टि पर आधारित यह ऐसा अभिनव विमर्श है जो किसी मानव को जन्म से या जीवन पर्यन्त किसी दुर्घटना या विकार से कभी भी हो सकता है। इसके लिए समाज में जन जागृति लाना और इनके समग्र विकास हेतु जनता, शासन और समाजसेवी - संस्थाओं में सामंजस्य का सूत्रपात करना आज के समय की माँग है। हमारे देश में ही नहीं, पूरे विश्व में विकलांगों की संख्या पन्द्रह प्रतिशत है लेकिन विडंबना ही कही जाएगी कि इनके पुर्नवास की समस्या आज भी मुँहबाए खड़ी है। एक दशक से स्त्री, दलित, आदिवासी व जनजातीय-विमर्श की परिक्रमा करने के पश्चात मैंने अनुभव किया कि युग की माँग के अनुरूप अब विकलांग विमर्श का भी वृत्त विनिर्मित करना समकालीन समीक्षा का सोपान सिद्ध होगा। भारत में पहली बार सन 2001 में विकलांगों की जनगणना की दिशा में कार्य आरंभ हुआ। पूरे विश्व में तीन प्रतिशत लोग विकलांग हैं तथा वैज्ञानिक दृष्टि से दस प्रतिशत जनसंख्या विकलांगता का वितान बनाती है। पक्षाघात, बायपास सर्जरी, कैंसर, थैलेसिमिया आदि अनेक जटिल व्याधियाँ और अस्सी वर्ष से अधिक की अवस्था अधिकतर विकलांगता के वर्ग में ही आती है। यू०एन०ओ० का सर्वेक्षण दस प्रतिशत आबादी की पुष्टि करता है। विश्व के इतने वृहद-विस्तृत समूह की संवेदना को शून्य कर देना क्या मानवीयता के मान को मिटाना नहीं कहा जाएगा ? इनकी समस्याओं को समझना, संघर्ष को महसूसना और संवेदना से समरस होना आधुनिकता का आग्रह आभासित होता है। लिंग और जाति से रहित यह विमर्श विशुद्ध मानवतावादी दृष्टि पर केंद्रित है।"

हम 'विकलांग विमर्श' को 'दिव्यांग विमर्श' कहना इसलिए ज्यादा उचित समझते हैं क्योंकि हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 26 दिसम्बर 2015, रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को नया नाम देते हुए कहा था कि विकलांगों के लिए 'दिव्यांग' शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए क्योंकि उनके पास एक अतिरिक्त शक्ति होती है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने विकलांगता पर चर्चा करते हुए कहा था -

"परमात्मा ने जिसके शरीर में कुछ कमी दी होती है, हम उसे विकलांग कहते हैं। कभी - कभी जब हम ऐसे व्यक्तियों से मिलते हैं तो हमें पता चलता है कि हमें आँखों से उनकी यह कमी दिखती है, लेकिन ईश्वर ने उन्हें कुछ एक्स्ट्रा पावर दिया होता है। एक अलग शक्ति का उसके अंदर परमात्मा ने निरूपण किया होता है। मेरे मन में विचार आया कि क्यों न हम देश में विकलांग की जगह पर 'दिव्यांग' शब्द का प्रयोग करेंगे। ये वे लोग हैं, जिनके पास एक ऐसा अंग है या एक से अधिक अंग हैं , जिसमें दिव्यता है। मुझे यह शब्द अच्छा लग रहा है। हम रेलवे, बस स्टैंड से लेकर तमाम सार्वजनिक जगहों को इन दिव्यांग लोगों के लिए सुविधापूर्ण बनाने पर ध्यान देंगे।"

दिव्यांग - सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा उठाया गया ये पहला ऐतिहासिक कदम था। विकलांगों को 'दिव्यांग' सम्बोधन मिलने से समाज में उन्हें सम्मानीय स्थान मिला है। 26 दिसंबर 2015 से शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं - परियोजनाओं में आधिकारिक रूप से 'दिव्यांग' शब्द का प्रयोग हो रहा है। इसलिए हमें भी व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में शारिरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों हेतु 'दिव्यांग' संबोधन का ही प्रयोग करना चाहिए, अन्य किसी संबोधन का नहीं। "हिन्दी उपन्यासों में दिव्यांग विमर्श" के परिप्रेक्ष्य में यदि बात की जाए तो सबसे पहले उपन्यास के द्वारा ही दिव्यांग - जीवन अभिव्यक्ति पाया है। एक ये भी तथ्य है कि हिन्दी साहित्य में कथा के माध्यम से ही दिव्यांग - जीवन ज्यादा मुखर हुआ है काव्य की अपेक्षा।

हिन्दी उपन्यासों में सर्वप्रथम दिव्यांग - जीवन के दर्शन सन 1924 में प्रकाशित प्रेमचंद जी के उपन्यास 'रंगभूमि' में होते हैं। हम रंगभूमि उपन्यास को दिव्यांग विमर्श / विकलांग विमर्श का पहला उपन्यास मानते हैं। रंगभूमि उपन्यास का नायक सूरदास है, जोकि दिव्यांग है और काशी के पास में बसे पांडेपुर गाँव का रहने वाला है। ऐसा माना जाता है कि प्रेमचंद को उपन्यास में नायक सूरदास के सृजन की प्रेरणा गाँव के अंधे भिखारी से मिली थी। ये अंधा भिखारी जनसेवा करने में लगा रहता था और बेदम होने पर भी पीछे नहीं हटता था। रंगभूमि का नायक सूरदास गाँधीजी के विचारों का प्रतिनिधित्व करता है। वो शारीरिक रूप से दुर्बल होते हुए भी उपन्यास में मजबूत चरित्र के रूप में उभरकर आता है। उसमें संघर्ष करने की अद्भुत क्षमता है। वो विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष करता है। प्रेमचंद जी ने बड़ी सहजता से रंगभूमि के आरंभ में ही सूरदास का जो परिचय दिया है। वो उसके वर्गगत व्यक्तित्व को भूमिकास्वरूप प्रस्तुत करता है।

वे लिखते हैं -

"भारतवर्ष में अंधे आदमियों के लिए न नाम की जरूरत होती है, न काम की। सूरदास उनका बना - बनाया नाम है, और भीख माँगना बना - बनाया काम है। उनके गुण और स्वभाव भी

जगत प्रसिद्ध हैं - गाने - बजाने में विशेष रुचि, हृदय में विशेष अनुराग, अध्यात्म और भक्ति में विशेष प्रेम, उनके स्वाभाविक लक्षण हैं। बाह्य दृष्टि बंद और अंतर्दृष्टि खुली हुई।"

प्रेमचंद के रंगभूमि उपन्यास के बाद सन 1976 में प्रकाशित आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के उपन्यास 'अनामदास का पोथा' में दिव्यांग विमर्श मुखर होता है। 'अनामदास का पोथा' में वर्णित है कि रैक्व ऋषि दिव्यांग थे, जिन्होंने राजा जानश्रुति को ब्रह्मज्ञान का उपदेश दिया था। रैक्व को राजा की कन्या जबाला बहुत पसंद थी और उन दोनों के बीच प्रेम प्रसंग भी चल रहा था इसलिए राजा जानश्रुति ने ज्ञान-यज्ञ की दक्षिणा के रूप में अपनी कन्या जबाला का रैक्व ऋषि को सौंप दी और दोनों का प्रेमविवाह संपन्न करा दिया।

'अनामदास का पोथा' उपन्यास के बाद सन 1981 में प्रकाशित अमृतलाल नागर जी के उपन्यास 'खंजन नयन' में दिव्यांग सशक्तिकरण परिलक्षित होता है। 'खंजन नयन' में महाकवि सूरदास के गौरवमयी जीवन के विभिन्न पक्षों का चित्रण किया गया है। ये दिव्यांग - जीवन का उल्लेखनीय जीवनीपरक उपन्यास साबित होता है।

'खंजन नयन' उपन्यास के बाद दिव्यांग - जीवन सन 2016 में प्रकाशित मृदुला सिन्हा जी के उपन्यास 'ज्यों मेहंदी के रंग' में सशक्त अभिव्यक्ति पाता है। 'ज्यों मेंहदी के रंग' उपन्यास दिव्यांग विमर्श को केंद्र में रखकर रचा गया है। इसमें लेखिका मृदुला सिन्हा का भोगा हुआ यथार्थ उभरकर आया है।

लेखिका ने अपने पुत्र 'परिमल' की जगह 'शालिनी' (उपन्यास की नायिका) को स्थापित किया है। उपन्यास की भूमिका में मृदुला सिन्हा लिखती हैं -

"अपने स्व० पुत्र परिमल के प्रति किस भाव और भाषा में आभार व्यक्त करूँ। सच कहूँ तो अतिश्योक्ति नहीं होगी कि उसकी स्थिति ने ही मुझे इस उपन्यास की रचना के लिए बाध्य किया है। अपना शरीर क्या, उंगली भी एक इंच हिला पाने में असमर्थ परिमल अपने अट्ठारह वर्षीय जीवन में दस वर्षों तक हमारे ऊपर पूर्णरूपेण निर्भर था। परन्तु न मैं, न उसके पिता, न चाचा अभय सिंह, न दोनों भाई और न नन्हीं बहिन मीनाक्षी, किसी ने भी उसकी दिव्यांगता कबूल नहीं की।"

यह उपन्यास दिव्यागों की सेवा को तप और त्याग की भाँति प्रस्तुत करता है। इसकी नायिका शालिनी नामक युवती है। जो दुर्घटनाजन्य दिव्यांगता की शिकार हो जाती है। जिसके दोनों पैर गंगा नदी में स्टीमर और डेक के बीच आ जाने से कट गए थे। वो कृत्रिम पैर लगवाने के लिए दद्दा जी के संस्थान में आती है। शालिनी में सेवा भाव और समर्पण कूट - कूटकर भरा है। दद्दा जी की संस्था से जुड़ने के बाद वह अपने अतीत की कटु स्मृतियों को भूलकर स्वयं भी अन्य

दिव्यांगों की सेवा एवं सहयोग में लग जाती है और दद्दा जी की अनुपस्थिति में वह सारे संस्थान की जिम्मेदारी स्वयं उठाती है।

'ज्यों मेहंदी के रंग' उपन्यास में सामाजिक और सरकारी व्यवस्था की बुराइयों को भी उजागर किया गया है। ये उपन्यास सरकारी और गैरसरकारी प्रयासों से बढ़कर स्वयं दिव्यांगों की मानसिकता में परिवर्तन की राह दिखाता है।

पिछली साल जनवरी 2022 में प्रकाशित गीता पंडित का उपन्यास 'इनबॉक्स' दिव्यांग विमर्श का समकालीन उपन्यास है। 'इनबॉक्स' उपन्यास में पोलियो से प्रभावित नन्नू की कहानी उसकी माँ द्वारा नन्नू की मृत्यु के बाद लिखे पत्रों के जरिए बताई गई है। गीता जी ने बहुत संवेदनशीलता से नन्नू और विकलांगता के उसके जीवन पर प्रभाव को उकेरा है।"विटामिन जिन्दगी पुरस्कार" के दिसम्बर2021 संस्करण में निर्णायक और साहित्य अकादेमी पुरस्कार विजेता सुप्रसिद्ध लेखिका अनामिका जी ने इस उपन्यास को विशेष रूप से सम्मानित करने की अनुशंसा की थी।

अतः इस प्रकार, हम निष्कर्ष रूप में कह सकते हैं कि हिन्दी उपन्यासों में कथासम्राट प्रेमचंद के 'रंगभूमि' उपन्यास से लेकर समकालीन उपन्यास 'इनबॉक्स' में दिव्यांग - जीवन की मुखर अभिव्यक्ति हुई है। इन उपन्यासों ने दिव्यांगों के जीवन के विभिन्न पहलुओं, उनकी परिस्थितियों और उनके जीवन संघर्षों को बेबाकी से उठाया है इसलिए इन उपन्यासों की दिव्यांग - सशक्तिकरण की दशा और दिशा में उल्लेखनीय भूमिका है।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची -:**

1. विकलांग विमर्श:दशा और दिशा- डॉ०विनयकुमार पाठक, भावना प्रकाशन दिल्ली, 2020।
2. मन की बात - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, 26 दिसम्बर 2015।
3. कथा साहित्य में विकलांग विमर्श - संपादक डॉ० विनय कुमार पाठक, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद।
4. विकलांग विमर्श विविध सोपान - डॉ० आनंद कश्यप, पंकज बुक्स दिल्ली, संस्करण 2022।
5. रंगभूमि - प्रेमचंद, संस्करण - 1924।
6. अनामदास का पोथा - आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, संस्करण - 1976।
7. खंजन नयन - अमृतलाल नागर, संस्करण - 1981।
8. ज्यों मेंहदी के रंग - मृदुला सिन्हा, प्रभात प्रकाशन दिल्ली, संस्करण - 2016।
9. ज्यों मेंहदी के रंग उपन्यास में दिव्यांग विमर्श - वंदना पांडेय, डॉ० वीरेंद्र सिंह यादव, शोधपत्र प्रकाशन - जनवरी 2018।
10. इनबॉक्स - गीता पंडित, श्वेतवर्ण प्रकाशन, संस्करण - जनवरी 2022।